इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 43 | अंक -159 | राजनांदगांव, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# लोस चुनाव के आज दूसरे चरण में 88 सीटों में होगा

नयी दिल्ली। आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गयी हैं। दूसरे चरण में इन सीटों के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर कुल पंजीकृत 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता 1206 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का निर्णय करेंगे। मतदान सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इसके लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिया गया है।

इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी भी शाामिल हैं। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध



किये हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिये विशेष प्रबंध किये गये हैं।

दूसरे चरण के चुनाव में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश की आठ-आठ, मध्यप्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। इन पर 1206 कुल प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कल 26 अप्रेल को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जायेगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिये सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में मताधिकार प्राप्त 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष और 7.80 करोड़ महिला तथा 5929 उभयलिंगी मतदाता हैं। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

### 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व'

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया। आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम संदेश में कहा, 'आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें।' आयोग ने चुनाव को सहभागिता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा प्रलोभन मुक्त रखने और इसके लिये अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आयोग इन चुनावों के लिये पिछले दो वर्षों से तैयारी कर रहा है।

# विरासत टैक्स मामले में कांग्रेस पर भड़के विष्णु देव साय

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरासत टैक्स मामले मे कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने भारतीय समाज की उस पारिवारिक संरचना पर सीधा प्रहार किया है जो संपत्तियों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित करती है और पारिवारिक रिश्तों को जोड़ने की मजबूत कड़ी है।



**कहा- 'देश के लोगों की संपत्ति-संसाधन आदिवासी, दलित, पिछड़ों, गरीबों के हैं, विदेशी घुसपैठियों रोहिंग्याओं के नहीं'**

श्री साय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के टुकड़े किए फिर उसे जातियों मे बांटा, उसके बाद धार्मिक तुष्टीकरण करने के लिए देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का बताया। अब कांग्रेस कह रही है की आगे वो सत्ता मे आई तो कानून बना कर लोगों के मरने के बाद उनकी संपत्ति सरकार के जरिए हड़प लेगी। सैम पित्रोदा के बयान ने इसकी पुष्टि की है। यह बेहद शर्मनाक है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते दिनों एक बयान में कहा था कि अगर चुनाव बाद उनकी सरकार सत्ता में आई तो एक सर्वे कराया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि किसके पास कितनी संपत्ति है और अब सैम पित्रोदा ने अमेरिकी कानून का हवाला देकर कहा है, 'अमेरिका में 55 फीसदी संपत्ति सरकारी खजाने में जाती है। अमेरिका में विरासत पर कर लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 प्रतिशत अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है, जबकि 55 प्रतिशत सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। लेकिन भारत में रहकर अपनी पीढ़ी के लिए संपत्ति जुटाई और जब आप स्वर्गवासी हो रहे हैं तो आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ मिशन, चार सभाओं से साध गए सात लोकसभा क्षेत्र

रायपुर। लोकसभा के चुनावी रण में भाजपा ने अपनी ताकत झोंक दी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश में चार सभाओं के माध्यम से सात लोकसभा सीटों को साधने की कोशिश की। स्टार वार के मामले में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा कहीं अधिक आगे चल रही है।

अब तक भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री मोदी समेत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेता आ चुके हैं। वहीं कांग्रेस में अभी तक बड़े स्टार प्रचारकों में



केवल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ही चुनावी मैदान में दिखी हैं। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा कांग्रेस के प्रत्याशी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक दिन गिन रहे हैं कि कब चुनाव खत्म हो। सभी चुनाव में दिलचस्पी नहीं रख रहे हैं।


### प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ में दौरा

23 अप्रैल को पीएम मोदी ने जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सक्ती के जेठा मैदान में जांजगीर-चांपा के भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े और रायगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को जिताने की अपील की थी। 23 अप्रैल को ही धमतरी के श्यामतराई में दोपहर तीन बजे जनसभा को संबोधित किया था। धमतरी में भाजपा की महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी- कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने 'विरासत कर' का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपनी चुनावी पार्टी के नारों में भी बदलाव किया है और '400 पार' और 'मोदी की गारंटी' का नारा लगाना भी बंद हो गया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है. (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# अमेठी से नामांकन कर सकते हैं राहुल, रामलला के दर्शन भी करेंगे? 24 घंटे बाद रुख होगा साफ

लखनऊ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेठी और महासचिव प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा तेज हो गई है। वे नामांकन से पहले अयोध्या दर्शन के लिए भी जा सकते हैं। हालांकि अभी तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास पार्टी की ओर से लिखित में कोई कार्यक्रम नहीं आया है। लखनऊ पहुंचे कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा भी इस सवाल पर चुप हैं।



अभी तक कांग्रेस के पास सिर्फ रायबरेली सीट की है, जबकि अमेठी से राहुल गांधी पिछला चुनाव हार चुके हैं। गुरुवार को एक बार फिर राहुल और प्रियंका के नामांकन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। दावा है कि 26 अप्रैल को केरल स्थित वायनाड में मतदान होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश का रूख करेंगे। वह एक मई और प्रियंका गांधी दो मई को नामांकन कर सकती हैं। इन दोनों क्षेत्रों में नामांकन की अंतिम तिथि तीन मई है। हालांकि कांग्रेस हाईकमान समेत पार्टी के अन्य नेता भी रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी के मुद्दे पर चुप हैं।

### सपा से कांग्रेस का है यूपी में गठबंधन

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है।

# आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा को राहत, अगली सुनवाई आठ मई को होगी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा के विरुद्ध आगामी सुनवाई तक किसी भी प्रकार की प्रतिकूल कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई आठ मई को निर्धारित की गई है।



अनिल टुटेजा और बेटे यश टुटेजा के खिलाफ 17 जनवरी 2024 को एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। इसके खिलाफ दोनों याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल पिटीशन लगाई। सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद एक अप्रैल को याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध कोई भी प्रतिकूल कार्रवाई करने पर आगामी आदेश तक रोक लगाई थी। इस मामले में जांच पर रोक के लिये डिवीजन बेंच में अपील की गई। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने स्थगन देने से इनकार करते हुए कहा कि 71 व्यक्तियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 12 और भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत अपराध दर्ज हुआ था।

वर्तमान एफआईआर अलग-अलग अपराध से संबंधित है। इसलिए, शीर्ष न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ताओं को दी गई राहत तत्काल मामले में लागू नहीं होगी। सुनवाई की अगली तारीख तक याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश देते हुए डीबी ने अगली सुनवाई आठ मई को रखी है।

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने भगवा ध्वज के अपमान और बिरनपुर की मॉब लिंचिंग की याद दिलाकर तुष्टीकरण व वोट बैंक की राजनीति को लेकर हमला बोला


रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा और भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर हमला बोला है। श्री शर्मा और श्री वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल को वोट देना यानी नवाज खान, मो. अकबर, एजाज ढेबर को वोट देने जैसा ही है। कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान, बिरनपुर में भुनेश्वर साहू की बर्बरतापूर्ण हत्या और राजनांदगाँव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व जिलाध्यक्ष नवाज खान के भ्रष्ट कारनामों का हवाला देकर भाजपा नेता द्वय ने दो टूक कहा है कि भूपेश बघेल को वोट देने का सीधा मतलब है कि छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को वोट देना, भ्रष्टाचारियों को वोट देना, नवाज खान, अकबर, ढेबर और सौम्या चौरसिया को वोट देना।



**कहा- उस समय बहुसंख्यक समाज की भावनाओं की सुध किसी ने नहीं ली**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि पाँच सालों तक सरकार चलाते समय कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल ने नहीं, बल्कि मो, अकबर और ढेबर ने चलाई है। अकबर-ढेबर की जो सरकार चली है तो उस समय क्या-क्या अंधेरगर्दी मची थी, यह सब जान रहे हैं। किस तरह से कांग्रेस की तुष्किरण की नीति परवान चढ़ी थी, यह भी सब जानते हैं। श्री शर्मा ने कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय बहुसंख्यक समाज की भावनाओं व आस्था की सुध लेने वाला कोई नहीं था। बिरनपुर में मॉब लिंचिंग करके भुनेश्वर साहू की बर्बर हत्या की घटना की भी कोई सुध लेने वाला नहीं था। मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल और उनके मंत्रियों ने पीड़ितों और परिजनों को कभी नहीं पूछा और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते रहे, तुष्किरण की राजनीति करते रहे। श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा में भगवा का अपमान, बिरनपुर में मासूम भुनेश्वर साहू की बर्बरतापूर्वक की गई हत्या बघेल की सरकार के संरक्षण में हुई।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री वर्मा ने भ्रष्टाचार को लेकर बघेल और उनकी पिछली सरकार को घेरा। राजनांदगाँव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के भ्रष्ट कारनामों का जिक्र करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि यह सभी को पता है कि भूपेश बघेल के नवाज खान से बेहद करीबी रिश्ते रहे हैं और कई मामलों में नवाज खान के विरुद्ध मामले भी दर्ज हैं। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कई लोगों की जमीन हड़पने के आरोप नवाज पर हैं। कई लोगों पर अत्याचार करना, गुंडागर्दी करने के आरोप भी नवाज पर लगते रहे हैं और यह चर्चा का विषय रहा कि भूपेश बघेल का (शेष पृष्ठ 7 पर...)



# आदर्श मतदान केन्द्र 216-टेड़ेसरा में हॉकी की नर्सरी की झलक

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216-शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेड़ेसरा पश्चिम भाग की आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में हॉकी की नर्सरी की थीम पर आकर्षक साज-सज्जा की गई है।

मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 216-टेड़ेसरा में मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि पूर्व में हुए निर्वाचन कार्यक्रम में मतदान केन्द्र क्रमांक 216-टेड़ेसरा का मतदान प्रतिशत कम होने के कारण इसे आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में

**हॉकी एवं निर्वाचन संबंधी सेल्फी पॉइंट, जिले के हॉकी खिलाड़ियों के इतिहास का प्रदर्शन, हॉकी ट्रेक के रूप में मतदान केन्द्र प्रवेश द्वार, 2 गोल पोस्ट, गुब्बारों से की गई सजावट**




**अधिक से अधिक युवा, खिलाड़ी, महिला, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य मतदाता को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु हॉकी नर्सरी थीम पर की गई आकर्षक साज-सज्जा**

विकसित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि आदर्श मतदान केन्द्र 216-टेड़ेसरा का थीम हॉकी की नर्सरी है। इस आदर्श मतदान केन्द्र में हॉकी एवं निर्वाचन संबंधी सेल्फी पॉइंट, जिले के हॉकी खिलाडियों के इतिहास का प्रदर्शन, हॉकी ट्रेक के रूप में मतदान केन्द्र प्रवेश द्वार, 2 गोल पोस्ट, गुब्बारों से सजावट, दीवाल लेखन सहित अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया है, जो अधिक से अधिक युवा, खिलाड़ी, महिला, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य मतदाता को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं आकर्षित करेगा। आदर्श मतदान केन्द्र 216-टेड़ेसरा हॉकी की नर्सरी की थीम में बताया गया है कि हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध देश के हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद द्वारा राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी नाम दिया गया था। अखिल भारतीय स्तरीय महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति हॉकी प्रतियोगिता में मेजर ध्यानचंद शामिल हुए थे और यहां के हॉकी खिलाडियों से बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने राजनांदगांव के खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान करने के दौरान स्टीक पकडने, मैदान में गति एवं नियम के साथ हॉकी खेल के संबंध में विभिन्न जानकारी दी थी। उस दौर में शहर के सभी मोहल्लों में हॉकी की टीम हुआ करती थी। मेजर ध्यानचंद ने शहर के मोहल्लों में पहुंचकर हॉकी खेल के प्रति लोगों का उत्साह देखा था। उन्होंने हॉकी को लेकर संस्कारधानी की खूब प्रशंसा भी की थी। उल्लेखनीय है कि संस्कारधानी में प्रारंभ से ही हॉकी बहुत ही लोकप्रिय खेल रहा है। यहां से स्वर्गीय एरमन बेस्टियन, नीता डूमरे, सबा अंजुम रेणुका यादव, मृणाल चौबे सहित अन्य हॉकी खिलाडियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हॉकी प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व किया है। राजनांदगांव जिले के हर गली-मोहल्ले से हॉकी के सबसे ज्यादा खिलाड़ी निकालते हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करते है।

संस्कारधानी में हॉकी को लेकर नई पीढ़ी में भी जज्बा कायम है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में बनाए गए एस्ट्रोटर्फ में रोज सुबह-शाम बड़ी संख्या में खिलाड़ी हाथों में स्टीक थामे अपने सपने को उड़ान भरने के लिए प्रशिक्षण देने आते हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व एवं बेहतर प्रदर्शन के बाद हॉकी को लेकर उत्साह और बढ़ा है। छत्तीसगढ़ में लगभग 500 से अधिक ऐसे खिलाड़ी है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है।

## जनता को मोदी गारंटी पर विश्वास- रमेश पटेल



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल पिछले चार सप्ताह से पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजयी बनाने के अभियान में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों खुज्जी, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव में व्यापक दौरा कर अनेक चुनावी बैठके ली है तथा कार्यकर्ताओं को चुनावी महासमर में हो रहे संघर्ष के लिये तैयार रहने को कहा है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पटेल ने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर चल रही है, मोदी गारंटी पर आम लोगों का अटूट विश्वास झलक रहा है, अबकी बार-400 पार के नारे सार्थक बनाने के लिये कार्यकर्ता पूरे मनोयोग के साथ चुनाव मैदान में कूद पड़े है तथा कमल फूल निशान के लिये दिन-रात पसीना बहा रहे है। श्री पटेल ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर आरोप लगाते हुये कहा कि झूठे-वायदे कर चुनाव जीतने का समय समाप्त हो गया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं को 500 रूपये प्रतिमाह देने का वायदा किया था, उसे पूरा नहीं किया, अब फिर वे नये वायदों के साथ चुनाव मैदान में उतर आये है, जिसका भरपूर जवाब जिले की जनता देगी। श्री पटेल ने याद दिलाया कि भूपेश बघेल एवं उनके आकाओं ने गंगाजल उठाकर पूर्ण शराबबंदी की कसमें खाई थी। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ 36 वायदें किये थे, जिसमें से एक भी वायदा पूरा नहीं हुआ, जिसका खामियाजा पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भोग चुकी है। अब फिर से लोकसभा चुनावों में नये वायदों के साथ कांग्रेस चुनाव मैदान में है, किन्तु अब क्षेत्र की जनता का कांग्रेस व उनके नेताओं पर से पूरी तरह विश्वास उठ चुका है, उनके किसी भी वायदों पर अब लोगों को विश्वास नहीं रहा, बल्कि मोदी गारंटी पर जनविश्वास साफ दिखलायी पड़ रहा है। क्योंकि विधानसभा चुनाव में मोदी गारंटी के तहत किये गये वायदों को क्षेत्र की जनता ने 90 दिनों में पूरा होते देख लिया है, इसलिये लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय प्रचंड मतों से विजयी होंगे।

## पहला कॉलम...

### सभी तैयारी के साथ मतदान केंद्र के लिए हुए रवाना



राजनांदगाव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। सुबह 7 बजे से जिले के चारो विधान सभा राजनांदगाव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खुज्जी, के लिए अलग अलग काउंटर की व्यवस्था की गयी थी। सामग्री वितरण केंद्र से लगभग 12 बजे चारो विधान सभा क्षेत्र के लिए राजनांदगाव के मंडी प्रांगण से पार्टी रवाना कर दी गयी है, सभी पार्टी मतदान केंद्र मे पहुंच गयी है सभी मतदान केंद्र मे मुलभुत सुविधा अच्छा से उपलब्ध कराया गया है।

### जिले के 430 मतदान केन्द्रों में किया जाएगा वेबकास्टिंग

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों की निगरानी करने के लिए 430 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। मतदान गतिविधियों की मॉनिटरिंग भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गई जाएगी। ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा ने बताया कि मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान अधिकारियों के लिए हूटर, कॉलिंग की सुविधा दी गई है, ताकि मतदान केन्द्र में मतदान अधिकारी को किसी भी तरह की समस्या आने पर सूचित किया जा सके। जिससे उसका निराकरण समय पर किया जा सके। मतदान गतिविधियों पर निगरानी के लिए कुल 880 कैमरे मतदान केन्द्रों में लगाए गए हैं। मतदान केन्द्र में एक कैमरा अंदर तथा दूसरा कैमरा बाहर की गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए लगाया गया है।

### मतदान केन्द्रों में मतदान अधिकारियों का किया गया स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में निर्वाचन कराने मतदान केन्द्रों में पहुंचने पर मतदान अधिकारियों और सुरक्षा दल का स्वागत किया गया। मतदान दिवस 26 अप्रैल को निर्वाचन कराने स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव से मतदान अधिकारियों का दल 25 अप्रैल को सुबह निर्वाचन सामग्री के साथ रवाना हुआ। मतदान केन्द्रों में मतदान दल के पहुंचने पर मतदान अधिकारियों का तिलक लगाकर, फूल माला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाने के लिए ड्यूटी पर तैनात मतदान अधिकारी खुशी और उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों में पहुंचे।

## दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए दिव्यांग रथ की नि:शुल्क व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था की गई है। चिन्हांकित दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोडऩे के लिए दिव्यांग रथ की नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था रहेगी। दिव्यांग रथ को 1950 नंबर में कॉल कर बुक किया जा सकता है।

## वोट बैंक की राजनीति के लिये कांग्रेस हद से ज्यादा नीचे गिरी- संतोष पांडे

**राजनांदगांव(दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे आज 24 अप्रैल को राजनांदगांव में आयोजित जनसम्पर्क रैली में शामिल होने के पूर्व गंडई व छुईखदान क्षेत्र का तूफानी दौरा करते हुये कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति करते-करते कांग्रेस हद से ज्यादा नीचे गिर गयी है और अब देश में जाति के साथ-साथ कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गॉधी का यह बयान अत्यंत खतरनाक है, जिसमें उन्होंने कहा कि देश में संपत्तियों का एक्सरे करेंगे।**

इससे यह बात साफ हो जाती है कि कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति सिर चढ़कर बोल रही है और अब देश में फिर से अल्पसंख्यकवाद के नाम पर राष्ट्र की संपत्ति का बंदरबाट होने वाला है, जिससे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ जायेगी।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने आगे कहा कि एक तरफ मोदी जी है जो लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत करके देश को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना चाहते है, वही कांग्रेस लोगों की कमाई जब्त करके अपना विकास करना चाहती है। श्री पांडे ने स्मरण कराते हुये कहा कि मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक वाला मनमोहन सिंह का बयान अनायास ही नहीं आया था, इसी दौरान कोशिश हो रही थी कि अनुसूचित जाति की सूची में मुसलमानों को भी जोड़ा जावे, सरकारी नौकरियों में मुसलमानों को अलग से 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये, ओबीसी आरक्षण को धर्म के आधार पर बांटकर मुसलमानों को 6 प्रतिशत अलग से दिया जाये। मुसलमानों को संसाधनों पर पहला हक देने का बयान के पूर्व इसकी प्रक्रिया चल रही थी, रिटायर्ड चीफ जस्टीस और कांग्रेस नेता व सांसद रंगनाथ मिश्रा इसी दौरान अपनी रिपोर्ट में लिख रहे थे कि मुसलमानों में भी जातियॉ है, इसलिये उन्हे भी अनुसूचित जाति माना जाएं एवं उनको भी आरक्षण दिया जायें।

श्री पांडे ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान के ठीक 30 दिन पहले सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आयी थी, जिसमें देश में यह गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की गई थी कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी ज्यादा बदतर है। यह विचार कि भारत के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है और गरीबों व हासिये मे रहने वाले एससी, एसटी व महिलाओं की छोटी बचत सहित भारतीयों की सम्पत्तियों को अल्पसंख्यकों के बीच पुनःवितरीत किया जाना चाहिये, कांग्रेस में गहराई से व्याप्त है। कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कुछ महीने पहले एक भाषण में दोहराया था कि मुसलमानों का देश की संपत्ति पर अधिकार है, और वह यह सब सुनिश्चित करेंगे कि उन्हे यह मिले। यह खतरनाक और विभाजनकारी विचार है, कांग्रेस वोट के खातिर देश के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार करने पर तुली है। पूरा क्षेत्र कांग्रेस के इन खतरनाक इरादों से सतर्क रहें।

श्री पांडे ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के सम्पत्ति वितरण को लेकर अमेरिका के शिकागो में दिये गये बयान का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की असली मंशा सामने आ गई है। सबसे पहले कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में और अब सैम पित्रोदा का बयान जिसमें उन्होनें कहा है कि अमेरिका की तरह सम्पत्ति का बंटवारा होना चाहिये, मतलब यह कि अगर किसी के पास 100 रूपये है तो उसे मात्र 45 रूपये ही मिलेंगे, 55 रूपये सरकार ले लेगी। इस तरह कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति को आगे बढ़ाते हुये एक खतरनाक खेल-खेलकर चुनाव जीतने की जुगत लगा रही है, जिससे क्षेत्र व देश के लोगों को जागरूक होना होगा। इस दौरान श्री पांडे के साथ छुईखदान व गंडई मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देश की सैकड़ों सरकारी संपत्ति बेचने वाले पार्टी के नेता बड़ी बातें ना करें - शाहिद भाई

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के संपत्ति बेचने पर कांग्रेस की बुरी नजर वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मधुसूदन यादव पहले अपने 10 वर्षीय भाजपा कार्यकाल के कुनीती पर आत्मचिंतन करें। कांग्रेस ने 70 साल में देश की जनता की सेवा करते मात्र 55 लाख करोड़ रुपए ही कर्ज थी और आज 10 वर्षीय मोदी कार्यकाल में 215 लाख करोड रुपए के कर्ज में देश डूबा हुआ है। महंगाई-बेरोजगारी चरम पर है। कांग्रेस ने देश में 300 से अधिक सरकारी कंपनियां स्थापित की, जिससे आम जनता को रोजगार के संसाधन उपलब्ध होते थे। मोदी सरकार आने के बाद सैकड़ों कंपनियां बिक गई, जिसमें बैंक, इंश्योरेंस जैसी कंपनी भी शामिल है और लगातार नीति आयोग ऐसी कंपनियों की लिस्ट बना रही है, जिसे बेचा जाना है। मोदी सरकार की असफल नीति के



चलते बीपीसीएल जैसी कंपनी छत्तीसगढ़ की नगरनार स्टील प्लांट कंपनियां बिकने की कगार पर है और आने वाले कुछ वर्षों में देश में जिस प्रकार से मोदी सरकार की नीति है, उसमें मात्र दो दर्जन सरकारी कंपनी बचेगी रेल, भेल, एयरपोर्ट आदि सभी जिस प्रकार से मोदी सरकार ने बचने का काम किया है, जिसे देश की जनता जान रही है। कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो सर्वहारा वर्ग को ध्यान में रखकर के कार्य करती है, वहीं भाजपा पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए पूंजीवादी मानसिकता के साथ कार्य करती है। व्यापारी वर्गों पर जीएसटी लगाकर किसानों पर तीन काले कानून थोपने फिर विरोध होने पर मजबूरी में वापस लेने का काम बीजेपी ने किया है। देश की जनता की कमाई और सरकारी संपत्तियों को कांग्रेस ने सजाया और संवारा है और तो और केंद्र में भाजपा की सरकार ने 10 साल में अपने असफल नीति के कारण हुए घाटे को पूरा करने के लिए सरकारी संपत्तियों के शेयर बेचकर आम जनता पर निजीकरण का बोझ देने का काम कर रही है। कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले अपने भाजपा की नीति और रीति पर थोड़ा आंकलन कर ले कोरोना कल में भी जिस प्रकार से मजदूरों पर अत्याचार की पराकाष्ठा भाजपा सरकार ने को तो वहीं देश के सरकारी कर्मचारियों के वेतन में कटौती कर सरकारी कर्मचारियों को आर्थिक मार देने का काम किया है, जिसका असर उनके परिवार पर भी पड़ा। जनता की गाढ़ी कमाई को नोटबंदी से लूटने वाली भाजपा और आज तक भाजपा सरकार यह बताने में असफल है कि नोटबंदी से किसे फायदा हुआ। माता-बहनों के सोना और जेवर के बारे में बोलकर मातृत्व का अपमान करने का काम भी पूर्व सांसद ने किया है, इन सब चीज से उन्हें बाज आना चाहिए।

अंत में शाहिद भाई ने कहा कि देश की जनता की कमाई और सरकार की संपत्ति पर कांग्रेस की बुरी नजर नहीं बीजेपी के गिद्ध दृष्टि से देश में अराजकता का माहौल और महंगाई बेरोजगारी चरम पर है।

## लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में अवैध शराब परिवहन एवं नगदी राशि जप्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही

**पुलिस, आयकर एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा की जा रही संयुक्त कार्रवाई**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में लगातार अवैध शराब परिवहन एवं नगदी राशि सहित अन्य अवैध वस्तुओं की जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय सीमा पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अवैध शराब परिवहन, मादक पदार्थों एवं नगदी सहित अन्य अवैध वस्तुओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में अब तक पुलिस विभाग, आयकर विभाग, आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1 जनवरी 2024 से 23 अप्रैल 2024 तक 1 करोड़ 34 लाख रूपए नगदी राशि, 1 हजार 654 लीटर अवैध शराब, 59.550 किलो ग्राम नशीली दवाएं, 0.49 किलो ग्राम कीमती धातु को अवैध परिवहन करते हुए जप्ती की कार्रवाई की गई।

## खंदक की लड़ाई के लिये भाजपा कार्यकर्ता घरों से निकले

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिये कल 26 अप्रैल को हो रहे मतदान की तैयारियों को लेकर घरों से बाहर आकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रासरूट पर मोर्चा जमा लिया है।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारियों योगेशदत्त मिश्रा, अशोक लोहिया, अमर लालवानी के अनुसार आज दिनभर मंडलों-शक्ति केन्द्रों व मतदान केन्द्रों की टोलियां अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर पर्ची वितरण में हुई त्रुटियों का मूल्यांकन करते घुम रहे है। मतदान केन्द्रों की व्यवस्था के लिये पंडालों के लिये स्थान का निर्धारण, उनमें बैठने वाले कार्यकर्ता, घरों से मतदाताओं को बाहर निकालने वाली टोली, उन्हें मतदान केन्द्रों तक ले जाने वाले समूह इत्यादि व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण हो रहा है।

मतदान केन्द्रों मे लगने वाले पंडालों की सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, बूथों के भीतर एजेन्ट के रूप में बैठने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। भाजपा की ओर से मैदानी तैयारियों को चुस्त-दुरूस्त बना दिया गया है। पार्टी के लीगल सेल के कार्यकर्ताओं को कल मतदान के दौरान किसी भी क्षेत्र में अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल तैयार रहने के निर्देश दिये गये है। वहीं मीडिया सेल भी दिनभर पूरी तैयारी के साथ लोकसभा चुनाव कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। इसी प्रकार मतदान तिथि पर पार्टी ने विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की है, ताकि कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल राहत पहुंचाया जा सकें।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
160-7 468-8
राजधानी
1-6-0
446-4 279-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## संतोष ने बढ़ाया नांदगांव का सम्मान, भूपेश ने पूरे प्रदेश को देश में किया अपमानित-मधुसूदन

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं राजनांदगांव लोकसभा भाजपा के चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पांच साल तक अपनी सरकार के दौरान भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को पूरे देश में अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान महादेव सट्टा एप, शराब, कोल, गोबर, खनिज में भ्रष्टाचार करने से लेकर पीएससी में गड़बड़ी कर युवाओं के भविष्य से खेलने का काम भूपेश बघेल ने किया है।

भूपेश के राज में उनके करीबी नेताओं ने जंगलराज चलाने का काम किया, अधिकारी-कर्मचारियों को धमकाया गया। अब फिर से नांदगांव में वह जंगलराज वापस नहीं लाना है बल्कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के जरिए हमें देश में मोदी जी के नेतृत्व वाली मजबूत



सरकार लाना है। इसके साथ ही पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि वहीं मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा का मान बढ़ान का काम किया है।

उन्होंने कहा कि चाहे रेलवे सुविधा की बात हो या फिर राजनांदगांव में सड़कों का जाल बिछाना हो हर काम में सांसद के तौर पर संतोष पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा का विकास करने का काम किया है। देश में प्रधानमंत्री मोदी ने जिस रफ्तार से जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया, उसी रफ्तार से सांसद रहते हुए संतोष पांडे ने भी जल जीवन मिशन, मनरेगा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना का लाभ हर जरुरतमंद को दिलाने का काम किया है।

### भूपेश ने नांदगांव की उपेक्षा की

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने हमेशा राजनांदगांव की उपेक्षा करने का काम किया है। 2018 में चुनाव से पहले बीएनसी मील को शुरु करने का वादा उनके तत्कालीक राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में कांग्रेसियों ने किया था लेकिन उस मील को शुरु करने की बजाए राजनांदगांव जिले से तीन सरकारी कार्यालयों को ही दुर्ग शिफ्ट करने का काम भूपेश बघेल ने किया। इसके अलावा महतारियों से भी सरकार बनने से पहले हर महिने 500 रुपए देने का वादा भूपेश बघेल ने किया था, परन्तु पांच साल एक रुपए भी नहीं दिया।

### हर वर्ग के लिए काम कर रही भाजपा

भाजपा ने पिछले दस सालों में कई ऐतिहासिक काम किए जिसमें गरीब परिवारों को पीएम आवास, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, साफ पानी के लिए जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन, लखपति दीदी योजना के जरिए महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के साथ ही मुद्रा लोन देकर युवाओं को अपना व्यापार बढ़ाने में भाजपा ने मदद की है। तीसरी बार सरकार बनने पर 70 साल से अधिक उम्र वाले लोगों को सालाना 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा भी दी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार महतारियो को हर महिने 1 हजार रुपए देने का काम कर रही है, किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा गया, 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी गई।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd April to 25th April 2024
silver SCREEN




B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:30, 03:30 and 06:30 pm
Maidaan - 06:00 and 09:00 pm
Bade Miyan Chote Miyan - 12:00, 03:00 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
अब, आपकी बारी है
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार
13
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश
88
संसदीय निवार्चन क्षेत्र
26
अप्रैल
संबंधित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र:
असम - 5
बिहार - 5
छत्तीसगढ़ - 3
जम्मू और कश्मीर - 1
कर्नाटक - 14
केरल - 20
मध्य प्रदेश - 6
महाराष्ट्र - 8
मणिपुर - 1
राजस्थान - 13
त्रिपुरा - 1
उत्तर प्रदेश - 8
पश्चिम बंगाल - 3
फिल्म 'माई वोट, माई ड्यूटी' देखने के लिए QR कोड स्कैन करें
लॉग ऑन करें: elections24.eci.gov.in
QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें
इस QR कोड को स्कैन करके और #IVoteForSure का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में अपनी शपथ दर्ज कराएँ
मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें
1950
मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तारीख जानने के लिए QR कोड को स्कैन करें
#IVoteForSure | #MeraVoteDeshKeLiye
fb.com/ECI
@ecisveep
youtube.com/eci
/company/election-commission-of-india-official
@ecisveep
Election Commission of India

## अनमोल दावा

> **सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो बल्कि सही कार्य वह है जिसका उद्देश्य कभी भी गलत ना हो।**

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

**- ललित गर्ग -**



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्क एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं।

अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत् रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे ब?कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पढ़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये।

सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे।

सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले। यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिवक्क एवं समझदार होने की अपेक्षा है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद इलाज आम लोगों की पहुंच से दूर

जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर, विस्तृत और व्यावहारिक बनाने की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद हकीकत यही है कि बहुत सारे लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। सामान्य बीमारियों में भी चिकित्सक इतनी तरह की जांच और दवाएं लिख देते हैं कि उसका खर्च उठाना सामान्य लोगों के लिए कठिन होता है।

जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है।

पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आइएमए से मरीजों को दी जाने वाली महंगी और गैरजरूरी दवाओं तथा अनैतिक कृत्यों पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। दरअसल, आइएमए ने ही पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने पर मुकदमा दायर किया था। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार को आइएमए कितनी गंभीरता से लेगा, कहना मुश्किल है।

दरअसल, हमारे यहां चिकित्सा व्यवस्था में मनमानी की परत-दर-परत चढ़ती गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लचर होने की वजह से निजी चिकित्सा व्यवस्था लगातार मजबूत होती गई और अब वह एक प्रकार के बड़े दबाव समूह के रूप में काम करने लगी है। उसमें दवा बनाने और जांच करने वाली कंपनियों का भी गठजोड़ है।

आइएमए से अपेक्षा की जाती है कि वह चिकित्सा जगत में चल रही अनियमितताओं पर नजर रखे और उन्हें दूर करने का प्रयास करे, मगर वह खुद इनके लिए एक प्रकार का सुरक्षा कवच तैयार करता नजर आता है। नहीं तो, क्या वजह है कि अनावश्यक दवाएं, जांच लिखी और बेवजह मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखा जाए।

अनेक निजी अस्पतालों में इलाज पर आए खर्च को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आखिर चिकित्सा व्यवस्था को इतनी महंगी और आम जन की पहुंच से दूर क्यों होना चाहिए। अगर सचमुच आइएमए को लोगों की सेहत और सही चिकित्सा की परवाह है, तो उसे आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे इलाज की चिंता क्यों नहीं होनी चाहिए।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 130: जन-जन के श्री राम की बारात के मार्ग में उमड़ा जन भावनाओं का ज्वार

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की बरात जनकपुरी के मुख्य मार्ग से होकर निकल रही है। अभी थोड़ी देर पूर्व ही कन्या पक्ष की ओर से जनवासे में विधिवत बरात को विवाह समारोह में पधारने का निमंत्रण दिया गया और इसके बाद शुभ मुहूर्त देखकर गुरु वशिष्ठ ने बरात प्रस्थान के उचित समय की घोषणा की और बरात निकल पड़ी। मार्ग में प्रत्येक स्थान पर मंगल गान, शुभ मंगल वाद्य यंत्रों की ध्वनियां और जय घोष है। घरों के ऊपरी तल से वर बने हुए चारों राजकुमारों की एक छवि निहारने के लिए मिथिला के नागरिक एकत्र हैं। विभिन्न मार्गों के दोनों ओर दशरथ पुत्रों का रूप निहारने के लिए जनकपुरी के वासी खड़े हैं और हर्षनाद करते हुए बरात का स्वागत कर रहे हैं। केवल जनकपुरी ही नहीं बल्कि मिथिला प्रांत के अन्य नगरों और गांवों से भी लोग इस अद्भुत समारोह में सम्मिलित होने के लिए जनकपुरी पहुंच चुके हैं। जिसको जिसमें आनंद हो, वे वैसा उपक्रम कर रहे हैं। यह भेद कर पाना मुश्किल है कि इस बारात में नर्तक कौन है और साधारण प्रजा कौन, बराती- घराती का भेद भी मिट गया है क्योंकि यह श्री राम की बरात है।

चारों भाई एक दिव्य सज्जित रथ पर सवार हैं और मुस्कुराते हुए प्रजा का अभिनंदन करते हुए विवाह स्थल की ओर बढ़ रहे हैं। बरात में राजा दशरथ, गुरु वशिष्ठ, अन्य पुरोहितगण, संपूर्ण मंत्रीपरिषद और अयोध्या के मुख्य सभासदों की उपस्थिति ने इसे एक भव्यता प्रदान कर दी है, लेकिन आकर्षण का मुख्य केंद्र चारों राजकुमार ही हैं। कांतियुक्त पीत क्षौम वस्त्रधारी चारों कुमारों के मस्तक पर अलंकृत तिलक, कानों में स्वर्ण कुंडल, शीश पर रत्नजड़ित मुकुट हैं। विवाह के अवसर पर वर और वधू; श्री हरि विष्णु और भगवती लक्ष्मी का स्वरूप होते हैं और यहां तो साक्षात राम रूपी नारायण की ही बरात है। बरात के आगे बढ़ाने की गति धीमी है क्योंकि स्थान- स्थान पर मिथिला के नागरिक रथ को रोक कर चारों कुमारों की आरती उतारते हैं। सुंदर वस्त्र -आभूषण से सज्जित मिथिला की स्त्रियां उन्हें तिलक लगाती हैं और उनका भावपूर्ण स्वागत करती हैं। एक जगह जब अधिक देर तक रथ रुका रहा तो सेनाध्यक्ष चिंतित हो गए। जनसमुद्र में से मार्ग बनाने का आदेश देने के पूर्व उन्होंने महाराज दशरथ से कहा, ''महाराज,अगर आपकी आज्ञा हो तो रथों को तेजी से गतिमान करवाया जाए।''

''इसकी आवश्यकता नहीं है, सेनाध्यक्ष! मेरा राम जन-जन का है और ये चारों भाई प्रजा के दुलारे हैं। उत्सव की इस आनंद बेला को बाधित या सीमित करना उचित नहीं है। मुझसे अधिक तो प्रजा का अधिकार है राम पर ; तो प्रजा को उत्सव मना लेने दो।'' रथारूढ़ राजा दशरथ ने कहा।

सूर्य देव स्वयं इस बरात के सहभागी बन गए हैं, इसलिए समय ठहर सा गया है। न अधिक शीत है, न अधिक उष्णता।पवन देव की संतुलित गति हल्के झोंकों के रूप में सभी को सुख प्रदान कर रही है।आज सूर्य देव का तेज भी क्षीण हो चला है और वे राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न रूपी चार-चार सूर्यों का एक साथ तेज देखकर श्रद्धावनत हैं।न्याय प्रिय और प्रजा हितैषी राजा दशरथ के पुत्र और जन-जन के प्रिय श्री राम की यह बरात समूचे जम्बूद्वीप में भावी रामराज्य की स्थापना के श्री राम के अनवरत प्रयत्नों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जिनकी दृष्टि में इस महान राष्ट्र का हर एक व्यक्ति उनका अपना है। उनका अपना परिवार है। जय श्री राम!

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### पांच साल का ख्याल अच्छा है!

गजाधर चुप बैठे-बैठे जब थक गये,
तो बोले- ''अब हमें होने लगी है परेशानी।
बड़े ध्यान से मन ही मन आज आप
इतनी देर से क्या पढ़ रहे हो बानी? ''
बानी बोले खुश होकर-''गजाधर!
मैं चुनावी विज्ञापन पढ़ रहा था।
मोदी सरकार के पिछले दस साल के कार्य,
और अगले पांच साल की
खुशहाली की कल्पना में अपने जीवन को
नये सिरे से गढ़ रहा था।
ये लिजिए, आप भी पढ़िए
कि तीन प्लस करोड़ और पक्के मकान बनाएंगे,
पीएम सूर्य योजना से बिजली बिल होगा जीरो,
घर-घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाएंगे,
देश में बुलेट ट्रेन चलाएंगे और मालूम गजाधर।
सत्तर साल से अधिक आयु के हम सभी
वरिष्ठ नागरिकों को भी
पांच लाख तक इलाज मुफ्त मिलेगा।
अब तो आपका भी मन सुमन भी जरूर खिलेगा।
कहिए, यह मेरा कहना, झूठा है कि सच्चा है?''
दोनों हाथ ऊपर उठाकर,
जोरदार अंगड़ाई लेकर, बोले गजाधर-
''हमें मालूम है दस साल की
हकीकत लेकिन,
दिल के बहलाने को बानी!
ये पांच साल का
ख्याल अच्छा है।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### नीत मा चलही चलाही कोन ?

फोकट-फोकट चाही तोला, फोकटईया खवाही कोन।
फर-फर ला तहींच खाबे त, झोर-झोर सोरयाही कोन।।
घेरी-घांव करजा माफी, फोकटईया मा चाही घर कुरिया।
अब तहीं बतादे जी मंगतू, अतेक पइसा लाही कोन।।

रूपिया किलो चाँउर राशन घलो, सोझे दुकान बेचावत हे।
चपक अंगूठा कतको मन, नगदी धर घर आवत हे।।
पढ़ई-लिखई पुस्तक-कापी, फ्री दवई बूटी कुरथा कपड़ा।
चेत नईहे काम बुता के फेर, संझा तिहार मनावत हे।।

नाली मा कचरा डारत हे, भुसड़ी अड़बड़ कंटावत हे।
अधिकारी मन बर तना-नना, सरकार बर गुर्रावत हे।
बिजली पानी मोफत चाही, रद्दा गाल कस चिक्कन चाही।
नार्वे, रूस, फ्रांस कस होतेन, देखे सपना दूरियावत हे।

कुआँ झपईया ठाढ़े बरतिया, अईसन ला परघाही कोन।
टका सेर भाजी अऊ खाजा, तेकर बर पछुवाही कोन।।
येकर ओकर सब मुँहू ताके, चिल्लावय सब मुँहू लमाके।
अंधेर नगरी चौपट राजा, नीत मा चलही चलाही कोन।।

कोंदा भैरा के दुनिया मा, सच बोले बर अघुवाही कोन।
देश राज के गजब हे चरचा, सुवारथ ला हरुवाही कोन।।
देस के हरबोलवा मन सब, घूमत हावय जमानत मा।
मन मारय जे गारे पसीना, खाँध अपन गरूवाही कोन।।




रोशन साहू (मोखला)
7999840942

## शब्द सामर्थ्य -038

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 037 का हल**



## सू- दोकू क्र.038

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.037 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## कविता


### चलव मतदान करबों

1. चलव संगी चलव, जिनगी म एक काम करबौ। अवइया चुनई म, अपन मत के दान करबो।।
देश के विकास बर, अउ हमर विश्वास बर लोकतंत्र के निर्माण खातिर, नेक काम करबो।
चलव मतदान करबो.....
2. नव बिहाता हो या, 18 ऊपर के संगी जहुंरिया आए एति ओति ले, चाहे रहे कतको दूरिहा घर घर जा के संग, पंजीकरण अभियान करबो।
चलव मतदान करबो......
3. झन बेचव अपन अधिकार ल, हम असली मुखिया के नियाव करबौ.....
दारु, लुगरा, अउ पइसा ल छौड़ के इमान के चुनाव करबो।
चलव मतदान करबौ......
4. भाग मानी हे हमर जिनगी, बने हन लोक तंत्र हे हिस्सा वोट डारे बर न चलय बहाना न चलय काकरी किस्सा मिल के भारत माता के बखान करबो।
चलव मतदान करबो....
5. त चल संभी चल मितान, संग म चलव बुढ़वा सियान वोट डारे के हक बर बाढ़य हमर अभिमान - देश ल आघू बढ़ाय बर, मिल के एके काम करबो।
चलव मतदान करबो.....



धनंजय साहू 'दौना'
युवा कलाकार
ग्राम- करमतरा(सिंघोला)
जिला- राजनांदगाव मो.-8959630985


## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बच्चे की गलतियों पर आवेश में आने की बजाय उन्हें सहजता समझने की कोशिश करें।



**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आज किसी समारोह होने के कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी।




**सिंह**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं, वो आज अपने काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।




**कन्या**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के जो छात्र किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।




**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी वृद्ध की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। पहले निवेश किया हुआ पैसा आज आपको मिलेगा, जिससे अपने रुके कार्यों को पूरा करेंगे।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे।




**धनु**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपका मन हल्का रहेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों का काम बढ़िया चलेगा। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज विचारों में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग बना रहेगा।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज अपने व्यक्तिगत काम की ओर आप उचित ध्यान दे पाएंगे। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।



**मीन**
आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। काम के दबाव से निकलकर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे।

# खैरागढ़ में भूपेश ने बाइक रैली निकाल ली चुनावी सभा

## आरोप-प्रत्यारोप के बीच मतदाताओं को लुभाने में जुटे प्रत्याशी



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथी मतदान के दिन निकट आने के साथ ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें तेज है। प्रचार अभियान के साथ चुनावी जुगत में मतदाताओं को लुभाने जुटे राजनीतिक दल खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐड़ी-चोटी की जोर आजमाईश कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल अपने समर्थकों के साथ खैरागढ़ पहुंचे और कार से उतरते ही बुलेट चलाते हुये युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नदीम मेमन के साथ बाइक रैली में संगीत नगरी खैरागढ़ का भ्रमण किया और अपने पक्ष में वोट की अपील की, बाइक रैली के बाद भूपेश बघेल ने राजीव चौक में आमसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के मुख्यमंत्रीद्वय योगी आदित्यनाथ व विष्णु देव साय को आड़े हाथों लिया।

### भूपेश ने लगाया भाजपा पर आरोप

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने सांसद रहते जनता को अपना चेहरा तक नहीं दिखाया, राजीव चौक में चुनावी सभा को अपने ही अंदाज में संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को आपने 2019 में भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजा लेकिन जीतने के बाद उन्होंने अपना चेहरा आप लोगों को नहीं दिखाया। कोरोना की भयावह आपदा में भी सांसद गायब रहे, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि लगातार मोदी सरकार ने ट्रेनें रद्द की, आप लोगों को आने जाने में असुविधा होती रही लेकिन आपके सांसद चुप रहे, संसद में एक शब्द नहीं बोले. श्री बघेल ने आगे कहा कि ऐसे सांसद किस काम के नहीं जो जनता की आवाज़ न उठा सकें और जनता की पीड़ा के समय में भी उपलब्ध न हों।

### लापता संसद से छुटकारा पाने का समय आ गया है- भूपेश

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भूपेश नहीं रुके और आगे कहा कि ऐसे लापता सांसद से छुटकारा पाने का समय आ गया है और इसके लिए जनता को इस बार कांग्रेस को जिताना होगा. भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार को आए दस साल हो गये लेकिन विडंबना है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह सहित भाजपा का कोई नेता अपने दस साल के कामकाज पर वोट नहीं मांग रहा है। उन्होंने कहा आपने दस साल सरकार चलाई है तो आपको जनता को बताना चाहिए कि आपको तीसरी बार अगर चुनना है तो किस बात पर चुनना चाहिए न उनके भाषणों में उनका काम आता है और न उनके विज्ञापनों और होर्डिंग में तो इसका मतलब साफ़ है कि इन्होंने दस साल में जनता के हित में कोई काम नहीं किया।

### भाजपा ने जनहित के मुद्दों को गायब कर दिया

जनसभा को संबोधित करते हुये भूपेश बघेल ने कहा कि सच्चाई यह है कि भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों को गायब कर दिया है. दस साल में रसोई गैस से लेकर डीज़ल, पेट्रोल और खाद्य सामग्री सबके दाम बहुत बढ़े हैं. महंगाई से जनता की कमर टूट गई है। बेरोजगारी अपने शिखर पर है। ऐसे में कांग्रेस की न्याय गारंटी ही आशा की किरण दिखती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया। कांग्रेस की सरकार ने किसानों का कर्जा माफ़ किया, धान की कीमत दिलवाई, बेरोजगारी भत्ता दिया, हर परिवार को 35 किलो अनाज दिया, गोबर खरीदी की और खाद बनाया. लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार आते ही राशन में कटौती कर दी गई और बेरोज़गारी भत्ता बंद कर दिया गया गोबर ख़रीदी बंद हो गई।

### महादेव सट्टा एप के आरोपों पर भी जमकर बोले बघेल

भूपेश बघेल ने महादेव सट्टा ऐप में राज्य सरकार और केंद्र सरकार को घेरते हुये कहा यह ऐप पूरे देश में चल रहा है। ऐसे में भाजपा के नेता बताये कि डबल इंजन की सरकार ने महादेव एप को चलाने के लिए कितने रूपये लिए हैं। उन्होंने अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह ऐप अभी देश में चल रहा है और इसमें हुई धांधली में उनकी कोई भूमिका नहीं है। चुनाव के पहले उनकी छवि खराब करने के लिए इस मामले को उठाया गया और अब जबरन खींचा जा रहा है। अगर महादेव सट्टा ऐप पर कोई कार्रवाई की है तो कांग्रेस के सरकार में कार्रवाई की गई है, छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप अभी भी छत्तीसगढ़ में चल रहा है बाकी राज्यों में भी अब क्यों करवाई नहीं हो रहा है। विष्णु देव की सरकार, केंद्र में बैठी मोदी जी की सरकार महादेव सट्टा ऐप से कितना चंदा लिया है। भाजपा के लोग हफ्ता वसूली करने वाले गुंडो की तरह डराते धमकाते हैं, और चंदा लेते हैं,। कार्यक्रम के दौरान चुनाव प्रभारी प्रमोद दुबे, विधायक यशोदा वर्मा, पद्मा देवी, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पद्म कोठारी, निलेन्द्र शर्मा, कन्हैया बैस, सुनील कांत पांडे, पं.मिहीर झा, जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, आरती महोबिया ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भिखम छाजेड़, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, दशमत जंघेल, मनराखन देवांगन बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# खैरागढ़ नगर के साथ ग्रामीण इलाकों में संतोष पांडे ने जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को घेरा

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की खैरागढ़ में आम सभा का जवाब भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने रोड शो कर दिया। अपने समर्थकों के साथ राजीव चौक से (जहाँ एक दिन पहले रात में कांग्रेस की सभा हुई थी) पैदल रैली निकालकर रोड शो किया। नगर भ्रमण करते हुए संतोष पांडे ने अपने पक्ष में मतदान की अपील की, राजीव चौक से मस्जिद रोड, गोल बाजार, बख्शी मार्ग होते हुए भाजपा की रैली इतवारी बाजार स्थित शीतला मंदिर पहुंची।

**0 कहा-झूठ बोलना कांग्रेसियों की पुरानी आदत**
**0 खैरागढ़ में रोड शो और ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ सभा कर भाजपा ने माँगा वोट**

समर्थकों सहित रिहायशी इलाकों के मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। वहीं अपने पक्ष में मतदान की अपील को लेकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने ग्राम धनगांव, चिंगली, जोरातराई, भीमपुर बाजार अतरिया सहित ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ नाटक सभा के माध्यम से मतदाताओं के बीच पहुंचे और कांग्रेस पर जमकर आरोप लगाया।

श्री पांडे ने आरोप लगाया कि झूठ बोलना कांग्रेस की पुरानी आदत है। पहले भी प्रदेश की महिलाओं को 500 रूपये महीने देने का वादा कांग्रेस ने किया था लेकिन यह वादा झूठा निकला और अब एक लाख का फॉर्म भरवा कर झूठ का पुलिंदा बांध रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जनता के काम सांय-सांय हो रहे हैं। केंद्र में फिर से मोदी जी की सरकार बनने के बाद डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव का बहुमुखी विकास होगा। उन्होंने आगे कहा कि घोटालेबाजों से दूर रहकर जनता को अपने और अपने क्षेत्र के विकास के बारे में सोचना होगा, इस दौरान भाजपा नेता और खैरागढ़ के शैडो विधायक विक्रांत सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी मतदाताओं को संबोधित किया।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के साथ मुख्य रूप से विक्रांत सिंह, कोमल जंघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, राकेश गुप्ता, हर प्रसाद वर्मा, अनूप वर्मा सहित भाजपाई मौजूद थे।

# स्वीप कार्यक्रम का शपथ के साथ हुआ समापन



डोंगरगांव (दावा)। शहर में मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह उपस्थित रहे, कार्यक्रम स्थानीय आत्मानंद स्कूल प्रांगण के संपन्न हुआ, इस दौरान उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों, बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं आदि से प्रश्नोत्तरी की गई, कार्यक्रम में मैं भारत हूं थीम पर यूसुफ यादव द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे काफी सराहना मिली। सभी उपस्थित लोगों ने 100 प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर शहर में रैली निकाली जिसमें मतदान के लिए दुकानदारों और राहगीरों को कार्ड का वितरण किया, रैली का समापन पुराने बस स्टैंड में शपथ के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, सीएमओ दादू सिंग पाल, अपने राजस्व अमला के साथ तहसीलदार प्यारेलाल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, वसीम सिद्दीकी, आकांक्षा साहू, सीईओ जनपद नवीन कुमार, बीएमओ रागिनी चंदे, नगर निरीक्षक उपेंद्र शाह, बीईओ आर एल पात्रे, स्वीप नोडल एवं एबीईओ रश्मि ठाकुर, एबीइओ जयंत साहू, क्षितिज सोरी, स्वीप मीडिया प्रभारी राहुल जैन सहित सभी अधिकारी कर्मचारी, पत्रकारबंधु शामिल रहे।

# पत्रकारों से बदसलू की मामले में कलेक्टर ने दिया सब इंजीनियर पर कार्यवाही का आश्वासन

## पीडब्ल्यूडी के सब इंजिनीयर पीएन चंद्रवंशी ने विश्राम गृह में बैठने को लेकर स्थानीय पत्रकारों से की थी बदसलूकी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विगत दिनों पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर द्वारा स्थानीय पत्रकारों से बदसलूकी की गई थी जिससे इस मामले को लेकर पत्रकारों के द्वारा समस्त चुनाव कार्यो के कवरेज व किसी भी प्रकार के प्रशासनिक गतिविधियों का कवरेज नही करने व समाचार प्रकाशन नही करने की बात कही गई थी जिस पर अब जिला कलेक्टर मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी द्वारा चुनाव के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है जिसके उपरांत स्थानीय पत्रकारों के द्वारा अपनी मांग पर अडिग रहकर चुनाव सम्पन्न कराने हामी भरी गई है।

पूरा मामला पीडब्ल्यूडी विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों के बैठने को लेकर हुआ था विश्राम गृह में पत्रकारों के द्वारा मतदान के कवरेज के संबंध में चर्चा करने बरामदे में बैठे हुए थे जिस पर सब इंजीनियर पीएन चंद्रवंशी चिल्लाते हुए कहा था कि यहां पत्रकारों का बैठना मना है आचार संहिता लगा हुआ है क्या तुम लोगों को पता नही है क्या मैं पहले जहा था वहा ये सब नही चलता था और तुम मेरा ज्यादा से ज्यादा क्या कर लोगे ट्रांसफर कराओगे और कुछ नही कर सकते की धमकी देते हुए पत्रकारों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया था जिसपर समस्त जिला प्रेस क्लब के पत्रकारों के द्वारा प्रशासनिक नुमाइंदे की अव्यवहारिक रैवये के प्रति नाराजगी जताते हुए चुनाव कार्यों व प्रशासनिक गतिविधियों के मीडिया कवरेज व समाचार प्रकाशन नही करने की बात कहकर चुनाव आयोग द्वारा मतदान दिवस पर मीडिया कवरेज हेतु जारी किए गए पास तहसीलदार के समक्ष लौटा दिया गया था। जिस पर कलेक्टर द्वारा प्रेस क्लब के संरक्षक अनिल मानिकपुरी से बात कर सभी पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि चुनाव के बाद सब इंजीनियर पर कार्यवाही की बात कही गई है। आश्वासन के बाद पत्रकारों के द्वारा उक्त पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के संस्पेंड कार्यवाही को लेकर अडिग होते हुए चुनाव कार्यो के कवरेज हेतु राजी हुए।

# जालबांधा में विवादित पोस्टर लगाते युवकों को कांग्रेसियों ने पहुंचाया थाना




## शिकायत कर कार्रवाई की मांग, भाजपा ने लगाया मारपीट का आरोप

खैरागढ़ (दावा)। जिले के जालबांधा में विवादित पोस्टर चिपकाये जाने को लेकर कांग्रेस भाजपा दोनों ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षों के नेताओं की उपस्थिति के चलते पुलिस चौकी में घंटों काफी गहमा-गहमी रही। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के फोटो को विशेष संप्रदाय का बताते पोस्टर लगाते पांच युवकों को कांग्रेसी पकड़कर पुलिस चौकी ले गये, जहां उनके खिलाफ ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर कांग्रेसियों के शिकायत आवेदन देकर निकलते ही भाजपा नेता प्रकाश सिंह ठाकुर, सरपंच दीनदयाल सिन्हा, भरत वर्मा, रिखभचंद जैन, अनूपलाल वर्मा सहित अन्य भाजपाइयों ने कांग्रेसियों पर पोस्टर चिपकाने वाले युवकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते आवेदन दिया है। मामले में चौकी प्रभारी वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि एक नाबालिग सहित चार युवकों को कांग्रेसी लेकर आये थे। पोस्टर में मुद्रक अरिहंत आफसेट प्रिंटर्स रायपुर और प्रकाशक का नाम हिंदू जागरण मंच लिखा हुआ है। तत्संबंध में चुनाव आयोग को सूचना दे दी गई है, वहीं विधायक यशोदा वर्मा, सुनीलकांत पांडेय, मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, भीखमचंद छाजेड़ सहित अन्य कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाने के मामले में पोस्टर चिपकाने वालों के अलावा चिपकाने कहने वालों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन करने के लिये कार्रवाई की मांग की है। युवक अशरफ पिता शकील खान, शाहिल पिता जहीर खान, रमजना पिता कलीम खान, कोमल पिता केजाराम साहू सहित एक अन्य नाबालिग ने बताया कि जालबांधा बस स्टैंड के पास होटल में कार में सवार तापेश नामक युवक ने उन्हें पोस्टर चिपकाने कहा था। उन्हें पोस्टर में क्या छपा है. इसकी जानकारी नहीं थी।

पूर्व सीएम व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के खिलाफ दुष्प्रचार करने और छवि को नुकसान पहुंचाने वाला पोस्टर बताते हुये ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, चंदन वर्मा, गैंदलाल कुर्रे, रिकू गुप्ता, गुहा बंजारे, अनिल बंजारे सहित अन्य ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास मोटर साइकिल में पहुंचे युवक नवनिर्मित पानी टंकी में पोस्टर लगा रहे थे। दूर से देखने पर उन्हें लगा कि पोस्टर में विशेष कुछ नहीं है, लेकिन जब पास जाकर देखा तो उसमें कांग्रेस प्रत्याशी को धर्म विशेष की गोल टोपी पहनाकर पेश किया गया है और पीएससी घोटाला, महिलाओं से दुष्कर्म को लेकर सवाल छपा हुआ है। पोस्टर कहां से मिला, किसने दिया नहीं बताने पर उन्हें पुलिस चौकी लेकर जाने पर पता चला कि सभी युवक सरहदी दुर्ग जिले के कौड़िया गांव के रहने वाले हैं और पांच सौ रुपयों की मजदूरी के लालच में वो पोस्टर लगा रहे थे। उन्हें नहीं पता था कि पोस्टर में क्या छपा है।

# डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल थीम आधारित तैयार आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 175 ढारा



**० ढारा मतदान केन्द्र में सेल्फी पाईट, प्राकृतिक झरनें, जलाशय, दीवार लेखन से सजेगा**
**० प्राकृतिक रूप से सजा मतदान केन्द्र ढारा का प्रवेश द्वार**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम ढारा के मतदान केन्द्र को डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल की थीम पर आकर्षक बनाया गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव के लिए द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने आदर्श मतदान केन्द्रों को क्षेत्र विशेष थीम आधारित मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री सुरूचि सिंह ने बताया कि डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत ढारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 175 को आदर्श मतदान केन्द्र को आकर्षक डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल थीम आधारित तैयार किया गया है। डोंगरगढ़ को धर्मनगरी के नाम से भी जाना जाता है। इसलिए मतदान केन्द्र क्रमांक 175 ढारा को डोंगरगढ़ शहर के धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों के पहचान पर बनाया गया है। मतदान केन्द्र में डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल संबंधी सेल्फी पाईट, डोंगरगढ़ के समीप पाये गये प्राकृतिक झरनों एवं जलाशयों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रवेश द्वार को प्राकृतिक रूप से सजावट, दीवार लेखन सहित अन्य गतिविधियां की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ शहर पर्यटकों के लिए विशेष भूमिका रखता है। डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ का सर्वोत्तम पर्यटन स्थल भी है। यहां पर प्रसिद्ध माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर 1600 फीट ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। माँ छोटी बम्लेश्वरी देवी मंदिर, छत्तीसगढ़ में एक मात्र यात्री रोपवे है, यह भी एक अतिरिक्त आर्कषण केन्द्र है। यह शहर धार्मिक सद्भाव के लिए जाना जाता है यहाँ हिन्दु धर्म के अलावा बौद्ध, सिख, ईसाई, जैनियों की भी काफी आबादी है। बौद्ध धर्म स्थली प्रज्ञागिरी पहाड़ की चोटी पर स्थित 30 फीट उंची भूमि एक और आर्कषण केन्द्र है। इसके अतिरिक्त जैन धर्म स्थली के रूप में चंद्रगिरि मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। ईसाई समाज करवारी पहाड़ी की नोक पर एक विशाल क्रॉस है। डोंगरगढ़ शहर प्राकृतिक सौदर्य एवं झरनों के लिए भी जाना जा रहा है। ग्राम पंचायत ढारा के समीप डंगोरा बांध में प्राकृतिक झरनों की खोज की गई है। इसी प्रकार डंगोरा बांध की प्राकृतिक सौदंर्य भी आर्कषण केन्द्र बन गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बोरतालाब के आश्रित ग्राम कौहापानी के जंगल में प्राकृतिक वॉटरफाल की ऊँचाई करीब 80 फीट है। पनियाजोब जलाशय, मडियान जलाशय भी प्राकृतिक आर्कषण का केन्द्र बना हुआ है ।

डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल होने से प्रति वर्ष लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आते हैं जिससे स्थानीय निवासियों को व्यवसायिक दृष्टिकोण से हजारों व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होता है। सभी जानकारी आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 175 में की जावेगी, जिससे सभी वर्ग के लोग आकर्षित एवं उत्साहित होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचेगे।

# सड़क हादसे में मृत एलबी व्याख्याता के परिजन को मिली 15 लाख की आर्थिक सहायता राशि



## कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने पेंडरवानी पहुंचकर पीड़ित परिजन को सौंपा धनादेश

खैरागढ़ (दावा)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा की तत्परता से चुनाव प्रशिक्षण कर खैरागढ़ से घर पेंडरवानी लौटने के दौरान सड़क हादसे में मृत एलबी व्याख्याता विजय लाल रजक के पीड़ित परिवार को 15 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की राशि प्राप्त हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा ने मृत एलबी शिक्षक के निवासग्राम पेंडरवानी पहुंचकर वैध उत्तराधिकारी उनकी पत्नी पूर्णिमा रजक को धनादेश सौंपा गया। गौरतलब है कि जिले के पेंडरवानी निवासी एलबी व्याख्याता विजय लाल रजक पिता बेलऊ को लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु पीठासीन अधिकारी की जिम्मेंदारी सौंपी गई थी। इसके तहत 14 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ में पीठासीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित की गई थी।

जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात विजय लाल रजक अपने घर पेंडरवानी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम चकनार के पास लगभग शाम 6:30 बजे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी। जिसके संबंध में तहसीलदार गंडई द्वारा उपरोक्त संदर्भित प्रकरण दर्ज करते हुये निर्वाचन आयोग के संदर्भित पत्र-01 के परिप्रेक्ष्य में अनुग्रह प्रतिकर राशि 15 लाख रूपये पीड़ित परिजन को भुगतान करने की अनुशंसा की गई थी। जिससे सहमत होते हुये अनुविभागीय अधिकारी (रा) गंडई–छुईखदान द्वारा अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन मूल दस्तावेज सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था। प्रकरण का अवलोकन करने के बाद संलग्न दस्तावेजों एवं साक्ष्य के आधार पर मृतक शासकीय सेवक स्व. विजय लाल पिता बेलऊ जाति धोबी निवासी पेंडरवानी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिये शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ में आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उनकी मृत्यु होना पाया गया। अतः आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप में मृतक शासकीय सेवक के वैध उत्तराधिकारी श्रीमती पूर्णिमा रजक पति स्व. विजय लाल निवासी पेंडरवानी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

### दुख की घड़ी में हम उनके साथ है– कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा बताया कि लोकसभा निर्वाचन में जो भी अधिकारी–कर्मचारी निर्वाचन कर्त्तव्य में लगे है। यदि उन्हें किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत क्षति होती है, तो निर्वाचन आयोग की ओर से अनुग्रह राशि दिया जाता है। इसी कड़ी में मृतक विजय लाल रजक के घर पहुंचकर उनकी पत्नी को अनुग्रह राशि की चेक प्रदान कर परिवारजनों का कुशलक्षेम जाना है। साथ ही मृतक के परिजनों के आने वाले प्रशासनिक कार्य को सुलभ कराने निर्देश दिया गया है। मृतक के पुत्र की अनुकम्पा नियुक्ति के लिए सहमति प्राप्त हुआ है। जिसकी प्रक्रिया निर्वाचन के पश्चात की जाएगी।

# आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 225-खुज्जी में छत्तीसगढ़ की कृषि आधारित संस्कृति की झलक



**० ग्रामीण परिवेश में बनाई गई झांकी**
**० हल, बैलगाड़ी, पर्रा, टोकरी, झॉपी से सजाया गया**
**० प्रांगण को सजाया गया बिहाव मंडप की तरह**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी हो गई है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि पूर्व में हुए निर्वाचन कार्यक्रम में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिससे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं आकर्षित करने के लिए विभिन्न थीमों पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। थीम के अनुसार विभिन्न आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक साज-सज्जा किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी ग्रामीण परिवेश की थीम पर आधारित है।

उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को छत्तीसगढ़ की कृषि आधारित संस्कृति के आधार पर सजाया गया है। मतदान केन्द्र का प्रवेश द्वार बैलगाड़ी के चक्कों से सुसज्जित रहेगा एवं ग्रामीण परिवेश की झांकी बनायी गई है। जिसमें हल, बैलगाड़ी, पर्रा, टोकरी, झॉपी से सजाया गया है। साथ ही दीवाल में बस्तर आर्ट सबनाही बनाया गया है। आदर्श मतदान केन्द्र में ओआरएस काउन्टर, स्वीप प्याऊ में मटकों को आर्कषक रूप सजाया गया है। मतदाताओं की सहायता के लिए वोटर असिस्टेन्ट बूथ को वोटर संगवारी केन्द्र नाम दिया गया है। संपूर्ण प्रागंण को बिहाव मंडप की तरह सजाया गया है एवं आकर्षक रंगोली भी बनाई गई है।

# आबकारी विभाग के आरक्षक ने निर्दोष युवक को जड़ा तमाचा

**अम्बागढ़ चौकी (दावा)। आबकारी विभाग अम्बागढ़ चौकी की दादा गिरी सामने आई हैं सीसी टीवी कैमरे मे कैद वीडियो मे सरकारी मदिरा दुकान के समीप संगवारी ढाबा एवं भोजनालय मे रूटीन चेकिंग के दौरान पहुँचे आबकारी विभाग की टीम के एक आरक्षक भूपेंद्र वर्मा ने ढाबा के बाहर खड़ युवक पर अपना गुस्सा निकाल दिया आरक्षक की मार से घायल युवक के कान में चोंट आई हैं। वही युवक ने इसकी शिकायत थाने में की हैं।**



युवक को तमाचा जड़ते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ फुटेज

आपको बता दे कि पीड़ित युवक ढाबा मे खाना खाने गया हुआ था इसी दौरान किसी बात को लेकर युवक आबकारी विभाग के महिला अधिकारी से चर्चा कर रहा था इसी दौरान पीछे से आबकारी आरक्षक भूपेंद्र वर्मा ने युवक को तमाचा जड़ दिया जिसकी शिकायत युवक ने थाने मे की हैं! खुद पर हुए मारपीट के मामले मे युवक ने न्याय की गुहार लगाई हैं। ढाबे में मारपीट के दौरान वहां मौजूद आबकारी अधिकारी का कहना है एक युवक ने मेरे से बत्तमीजी की जिसे अन्य स्टाफ को देखने की बात कहते हुए गाड़ी से चली गई बाद में क्या हुआ पता नहीं जबकि घटना के दौरान महिला अधिकारी सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रही है जिस समय एक आरक्षक ने युवक को तमाचा जड़ा उस समय वही मौजूद थी बावजूद खुद को वहाँ न रहने की बात कहते हुए अपने कर्मचारी को बचाने में लगी है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो आबकारी विभाग के कर्मचारी इसी तरह का दबंगई और दादागिरी ग्रामीण इलाके में जाकर भोले भाले ग्रामीणों के साथ करते है पर भय की वजह से शिकायत नही कर पाते लेकिन इस बार इस दबंगई दिखाने वाले कर्मचारी के खिलाफ शिकायत करने की हिम्मत युवक ने दिखाई। दीपा आदिल जिला आबकारी अधिकारी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अपने स्टाफ के साथ ढाबा में निरीक्षण करने पहुचे हुए थे उसी दौरान एक युवक बदतमीजी कर रहा था जिसे शांत कराया गया था उसके बाद वहां पर क्या हुआ मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है।

## विशाल रक्तदान शिविर सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से आज संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 94 युनिट रक्तदान किया गया। भाईयों से 71 युनिट एवं बहनों से 23 युनिट मिला जिसे जिला चिकित्सालय में जमा करा दिया गया। यह रक्त किसी भी अमीर या गरीब की जिंदगी को बचाने के लिये दिया गया है। सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज हमेशा अपने प्रवचनों में कहा करती है कि किसी भी इंसान की मृत्यु खून की कमी के कारण नहीं होनी चाहिये। आज रक्तदान करने के लिये निरंकारी मिशन के अनुयाईयों के अलावा शहर के भाई बहनों द्वारा निःस्वार्थ रक्तदान किया गया।

# कांग्रेस झूठ की बुनियाद पर ही टिकी हुई है- रामजी भारती



डोंगरगढ़ (दावा)। अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती द्वारा राशन कटौती पर झूठ बोलने पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल की झूठ बोलने की फितरत शुरू से रही है, इसलिए कांग्रेस के घोषणा पत्र में दिए गए सभी वायदे झूठ का पुलिंदा साबित हुए थे, ना महिलाओं के खाते में 500 आए और ना शराब बंदी हुई।

रामजी भारती ने कहा कि भूपेश बघेल जनता को अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों का बखान करना चाहिए, परंतु उन्होंने 5 वर्षों में सिर्फ भ्रष्टाचार की नदियां बहाई, उनके सर्वाधिक चहते नवाज खान ने तो बैंक में मर्यादा की सारी सीमाएं पार कर दी और बैंक का लूट का अड्डा बना दिया। भूपेश बघेल द्वारा धान कटौती की बात पर अब प्रशासन में स्पष्ट रूप से पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण दिया है कि 2024 में राशन पूर्व की भांति ही प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत अगर किसी परिवार के 6 सदस्य हैं तो उसे परिवार को 42 किलो खाद्यान्न दिया जा रहा है।

**0 गरीबों का राशन खाने वाले राशन पर झूठ बोल रहे है**

रामजी भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के तहत 5 किलो चावल निशुल्क प्रदान किया जाता है जिसे कोरोना काल में भूपेश बघेल ने वितरण करना बंद कर दिया और करोड़ों रुपए का घोटाला किया, इसलिए इस योजना की जानकारी राशन कार्ड के माध्यम से दी गई थी, जिसे जान बूझकर गलत ढंग से भूपेश बघेल द्वारा मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए प्रचारित किया जा रहा है।

श्री रामजी भारती ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास झूठ की बुनियाद पर टिका है, जो सही मायने में देशभक्त थे, जिनके योगदान के कारण ही देश आजाद हुआ उनके योगदान को बुलाकर अपने लोगों का महिमामडन करने की परिपाटी कांग्रेस की शुरू से रही है, जिसके कारण देश का अहित हुआ है और वर्तमान में भूपेश बघेल झूठ बोलकर राजनांदगांव के मतदाताओं को भ्रमित करना चाहते हैं, परंतु वह नहीं जानते कि संस्कारधानी राजनांदगांव के मतदाता जागरूक है और वह 26 अप्रैल को अपना सही निर्णय अवश्य देंगे।

# इलिजियम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

खैरागढ़ (दावा)। स्थानीय इलिजियम पब्लिक स्कूल का 2023-24 का परीक्षा परिणाम विप्लव साहू सदस्य जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में, स्कूल के अध्यक्ष डॉ.अरुण भारद्वाज की अध्यक्षता तथा प्राचार्य श्रीमती माधुरी नामदेव एवं समाजसेवी निलेश यादव के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों स्वागत पश्चात विधिवत परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।



परीक्षा परिणाम घोषित उपरांत स्कूल की प्राचार्य ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए, बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100त्न रहा। बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर अरुण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन ने कहा कि स्कूल में सभी के अंक बराबर नहीं होता। इसमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आगे और अच्छे तरीके से तैयारी करें सफलता अवश्य मिलेगी।

मुख्य अतिथि श्री विप्लव साहू जी ने शिक्षा पर प्रकार डालते हुए कहा कि शिक्षा वो मंत्र है जो हमारे जीवन के सभी चुनौतियों और खुशियों के बारे में हमारे सभी संदेहो और डर को मिटाने में मदद करती है। यह वह यंत्र है जो हमें खुश और शांतिप्रिय बनाने के साथ ही बेहतर सामाजिक मनुष्य बनाती है।

कक्षा नर्सरी में प्रथम काव्या साहू, द्वितीय जानवी देवांगन, क्रिशा साहू, केजी 1 में प्रथम गगन देवांगन, रुद्रांश प्रजापति, द्वितीय ओमकार देवांगन, जेसीका देवांगन, केजी 2 में प्रथम मुस्कान देवांगन, द्वितीय भावना देवांगन, कक्षा पहली में प्रथम खिलेश साहू, द्वितीय विराज रजक, कक्षा दूसरी में प्रथम सत्यम देवांगन, द्वितीय निष्कर्ष देवांगन, कक्षा तीसरी में प्रथम डीलेश्वरी देवांगन, द्वितीय निकिता पटेल, कक्षा चौथी में प्रथम एकता देवांगन, द्वितीय भूमिका साहू, कक्षा पांचवी में प्रथम आरव यदु, द्वितीय इशिका देवांगन, लक्ष्मणी यादव, कक्षा छठवीं में प्रथम रौनक जैन, द्वितीय युवराज राजपूत, कक्षा आठवीं में प्रथम रुपेश देवांगन, द्वितीय निशांत बर्मन इस प्रकार हैं। इस अवसर पर स्वपनिल तिवारी, शांति वर्मा, माया बर्मन, आंचल रजक, योगिता तम्बोली, तनूजा वर्मा, शिवानी नामदेव, प्रिया सारथी, सोनम वैष्णव इत्यादि उपस्थित रहें।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं का सम्मान बड़ा - आभा तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। 24 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार में महिला मोर्चा की सैकड़ो बहने लगातार जुटी हुई है।



महिला मोर्चा के चुनाव प्रचार में मंडल स्तर पर सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं, इसी श्रृंखला में छुईखदान में महतारी वंदन सम्मान योजना के कार्यक्रम में महिला मोर्चा की लोकसभा प्रभारी भाजपा नेत्री आभा तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के विकास एवं राष्ट्र की तरक्की में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मानती है और महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कल्याण को उच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा शासित राज्यों ने विविध योजनाओं के जरिए इसे प्रदर्शित भी किया है भाजपा यह मानती है, कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की सुरक्षा जरूरी है।

सुश्री तिवारी ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, इसके पूर्व भी महिलाओं के आरक्षण बिल को कांग्रेस ने 70 वर्षों तक अटकाए रखा, जिसे केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने दोनों सदनों में पास कराया और ट्रिपल तलाक के माध्यम से मुस्लिम महिलाओं को मोदी जी ने उनके स्वाभिमान की रक्षा की। भारतीय जनता पार्टी की अंत्योदय की नीति एवं महिला सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों पर अपने विचार रखते हुए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण साहू ने सभी महिलाओं से महतारी वंदन योजना की स्थिति के बारे में चर्चा की और बताया कि भाजपा ने महिलाओं को आगे बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई है, आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में भी आदिवासी महिला को सम्मान दिया गया है। इसी तरह बालिका समृद्धियोजना, लाडली लक्ष्मी और चिरंजीवी योजना भी मोदी सरकार ने लागू की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, मण्डल महामंत्री अवधरम जंघेल, जिला मंत्री आनंद सिन्हा, रामाधार जंघेल, दीना जंघेल, कमलेश जंघेल, राजेश, दाऊराम कुंभकार, आभा तिवारी, राजलक्ष्मी पंसारी, गिरजा चंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, प्रीति यादव, गीता खांडेकर, शैव्या वैष्णव, किरण गुप्ता, हेमलता देवांगन, केकती देवांगन, आशा महोबिया, तृप्ति वैष्णव, अनिता महोबिया, पार्वती महोबिया, नीलिमा गिरजा, प्रीति यादव, किरण उत्तर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने मतदान करने का लिया संकल्प

**सभी वर्ग की महिलाएं तिरंगे के रंग में रंगी**



प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने उत्साह के साथ मेंहदी लगाकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

राजनांदगांव (दावा)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव शहर के दिग्विजय स्टेडियम के सामने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने आकर्षक वेशभूषा में पहुंचकर 26 अप्रैल को मतदान करने का संकल्प लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं द्वारा मतदान करने के लिए संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने सभी वर्ग की महिलाएं तिरंगे के रंग में दिखाई दी। महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए मेंहदी लगाई और विशाल स्वीप रंगोली बनाया। महिलाओं द्वारा अपने हाथों में विभिन्न प्रकार के मेंहदी की आकृतियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने अपने हाथों में हम सब का यह नारा है मतदान करने जाना है, मतदान मेरा अधिकार है, छोड़ो अपना सारे काम पहले करो मतदान, आओ मतदान करें, मतदान मेरा अधिकार है जैसे संदेश मेंहदी के माध्यम से दिए। स्वीप मेंहदी कार्यक्रम में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने उत्साह के साथ अपने हाथों में मेंहदी लगाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

# जीवनदान सेवा संस्था की पहल 'एक सेल्फी'

राजनांदगांव (दावा)। जागरूकता आपकी एक सेल्फी आपकी बेटी की सुरक्षा की ओर जीवनदान सेवा संस्था के



जिला सेवा प्रमुख अमीत चौहान ने अपनी शादी पर संस्था की ओर से शादी में आए मेहमानों को जागरूक करने के लिए सेल्फी जोन लगाकर एक अच्छी पहल की शुरुआत की संस्था का कहना है की शादी नवजीवन दंपतियों की शुरुआत होती है जो आगे चलकर माता-पिता बनते हैं और अपनी जिम्मेदारी उठाते हैं संस्था लगातार बेटियों की हित के लिए काम कर रही है बेटियों के साथ में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटना बढ़ते जा रही है इन सभी को देखते हुए संस्था ने लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया है जिसके तहत पार्टी में आए मेहमानों को सेल्फी जोन पर फोटो खींचाकर उन्हें अपने सोशल साइट पर डालकर खुद को एवं लोगों को जागरूक ओर संस्था को सपोट करने का आग्रह किया। बेटियों के साथ दुष्कर्म और हत्या पर लोगों को खुलकर आगे आने का अनुरोध भी किया और जो भी परिवार को अपने घर के कार्यक्रमों पर या सेल्फी जोन लगाना है। वह संस्था से संपर्क कर सकते हैं। संस्था की ओर से नवदंपति को आशीर्वाद देकर चौहान परिवार का इस कार्य के लिए बधाई दी गई।

# मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है।

मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# जिले में 40 संगवारी मतदान केन्द्र, 4 दिव्यांग, 20 आदर्श एवं 20 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 40 संगवारी मतदान केन्द्र, 4 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 20 आदर्श मतदान केन्द्र एवं 20 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों को महिला मतदाताओं से मतदान कराने हेतु ड्यूटी लगाई जाएगी।

इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों में सभी दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी द्वारा मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दल में 35 वर्ष तक के अधिकारी-कर्मचारी को मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

## विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 132-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 142-प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कमरा बधियाटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 151-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 153-पशु चिकित्सालय नया भवन डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 156-रेल्वे कालोनी प्राथमिक शाला भवन (मध्य भाग) बधियाटोला डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 157- रेल्वे प्रशिक्षण केन्द्र पूर्व माध्यमिक शाला भवन (उत्तर भाग) डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 158- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला (पूर्व दिशा) बधियाटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 167- प्राथमिक शाला भवन कलकसा, मतदान केन्द्र क्रमांक 181-शासकीय प्राथमिक शाला भवन रीवागहन, मतदान केन्द्र क्रमांक 182- प्राथमिक शाला भवन (दक्षिण) देवकट्टा को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 129-प्राथमिक शाला भवन टिकरापारा डोंगरगढ़ को दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 140-प्राथमिक शाला खालसा स्कूल (दक्षिण भाग) डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 149-पूर्व कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी (पश्चिम भाग) डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 155-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन कंडरा पारा डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 166-प्राथमिक शाला भवन भैसरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 175-प्राथमिक शाला भवन ढारा को आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 150- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़, मतदान केन्द्र क्रमांक 180-प्राथमिक शाला भवन कातुलवाही, मतदान केन्द्र क्रमांक 194-प्राथमिक शाला भवन जारवाही, मतदान केन्द्र क्रमांक 196-प्राथमिक शाला भवन सहसपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 207-प्राथमिक शाला भवन केसली को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 37-शासकीय कमलादेवी कन्या महाविद्यालय मध्य भाग राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 95-बापू प्राथमिक शाला भवन पूर्व स्टेशन पारा राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 96-वेसलियन इंग्लिश स्कूल (पश्चिम) राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 102-ठाकुर प्यारेलाल सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला (नया भवन) मध्य भाग राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 117-शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 120-शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय (पश्चिम) राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 128-सर्वेश्वर नगर पालिक निगम उत्कृष्ट विद्यालय मध्य (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय योजना राजनांदगांव), मतदान केन्द्र क्रमांक 130-वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 135-प्राथमिक शाला भवन (पूर्व) टाका पारा राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 139-आंगनबाड़ी केन्द्र भवन केन्द्र क्रमांक 2 तिलक वार्ड राजनांदगांव को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 125-उद्याचल सार्वजनिक भवन (मध्य भाग) राजनांदगांव को दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 22-प्राथमिक शाला भवन धर्मापुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 153-प्राथमिक शाला भवन पूर्व दिशा भंवरमरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 174-प्राथमिक शाला भवन ढोढिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 208-प्राथमिक शाला भवन बिरेझर, मतदान केन्द्र क्रमांक 216-शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेड़ेसरा पश्चिम भाग को आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 17-देवानंद जैन स्कूल राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 44-देवानंद जैन उच्चतर माध्यमिक शाला स्कूल राजनांदगांव पश्चिम भाग शिक्षा मंदिर, मतदान केन्द्र क्रमांक 100-सामुदायिक भवन लेबर कालोनी राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 121-शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय (मध्यभाग) राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 129-नगर निगम वाचनालय भवन राजनांदगांव को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 189-पूर्व माध्यमिक शाला भवन कालेज रोड डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक190-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन बालक पूर्व दिशा डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 191-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन कन्या डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 192-बीटीआई भवन डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 193-पूर्व माध्यमिक शाला भवन कन्या डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 195-बीटीआई भवन डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 211-प्राथमिक शाला भवन माथलडबरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 218-प्राथमिक शाला भवन बोधीटोला मटिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 219- प्राथमिक शाला (पश्चिम दिशा) करियाटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 62-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन बोदेला को दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र क्रमांक मतदान केन्द्र क्रमांक 179-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन पूर्व अर्जुनी, मतदान केन्द्र क्रमांक 180-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन पश्चिम अर्जुनी, मतदान केन्द्र क्रमांक 210-पूर्व माध्यमिक शाला भवन रेंगाकठेरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 229-प्राथमिक शाला भवन बडगांव चारभांठा, मतदान केन्द्र क्रमांक 230-प्राथमिक शाला भवन (दक्षिण दिशा) बडगांव चारभांठा को आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 169-प्राथमिक शाला भवन कविराज टोलागांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 234 - पूर्व माध्यमिक शाला भवन रातापायली, मतदान केन्द्र क्रमांक 235-पूर्व माध्यमिक शाला भवन रातापायली, मतदान केन्द्र क्रमांक 251-पूर्व माध्यमिक शाला भवन नया (पश्चिम दिशा) कुतुलबोड़ भांठागांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 252-शासकीय प्राथमिक शाला भवन (पूर्व दिशा) कुतुलबोड़ भांठागांव को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 14-प्राथमिक शाला भवन लालूटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 15-प्राथमिक शाला भवन डुमरडीह, मतदान केन्द्र क्रमांक 18-प्राथमिक शाला भवन रंगीटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 19-प्राथमिक शाला भवन बापूटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 32-प्राथमिक शाला भवन भण्डारपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 34-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शाला छुरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 36-प्राथमिक शाला भवन कुमर्रा छुरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 62-प्राथमिक शाला भवन घुपसाल, मतदान केन्द्र क्रमांक 63-प्राथमिक शाला भवन घुपसाल, मतदान केन्द्र क्रमांक 67-प्राथमिक शाला भवन तेन्दुटोला को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।

मतदान केन्द्र क्रमांक 37-प्राथमिक शाला भवन घोघरे को दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 33-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम शाला छुरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 34-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम शाला छुरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 35-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम शाला छुरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 41-प्राथमिक शाला भवन मोरकुटुम्ब, मतदान केन्द्र क्रमांक 66-प्राथमिक शाला भवन बोईरडीह को आदर्श मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 41-प्राथमिक शाला भवन मोरकुटुम्ब, मतदान केन्द्र क्रमांक 78-प्राथमिक शाला भवन पूर्व साल्हेटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 79-प्राथमिक शाला भवन पश्चिम साल्हेटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 92-प्राथमिक शाला भवन पूर्व गैंदाटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 93-प्राथमिक शाला भवन पश्चिम गैंदाटोला को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है।

# पहला कॉलम...

## आरबीआई के एक्शन से कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लुढ़के

नई दिल्ली । बाजार बंद होने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ एक्शन लिया। आरबीआई ने आदेश दिया कि अब कोटक बैंक अपने साथ कोई नया कस्टमर नहीं जोड़ेगा और न ही कोई क्रेडिट कार्ड जारी करेगा। आरबीआई के इस कार्रवाई का सीधा असर कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों पर पड़ा। आज बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली है। जिसकी वजह से बैंक के स्टॉक 13 फीसदी से ज्यादा लुढ़क कर कारोबार कर रहे हैं। इतनी भारी गिरावट के बाद कंपनी का एम-कैप 37,721 करोड़ रुपये हो गया है।

## भूकंप के तेज झटकों से कांप उठा पाकिस्तान

कराची। पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर कराची बुधवार की रात को आए भूपंक के झटकों से कांप उठा। कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, यह भूकंप धरती के 12 किलोमीटर की गहराई से आया। इसका असर कराची के अलावा कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस किया गया। भूकंप के बाद डरे सहमें लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, भूकंप की वजह से बहरिया टाउन में एक घर की दीवार में मामूली दरार पड़ गई। वहीं, इसमें किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले पिछले साल 16 अक्टूबर को कराची के कई इलाकों में 3.1 तीव्रता का हल्के तीव्रता वाला भूकंप आया था।

## ऋषभ पंत ने बीसीसीआई के कैमरामैन से मांगी माफी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने बीसीसीआई के कैमरामैन से माफी मांगी, जो स्टार बल्लेबाज के शॉट से चोटिल हो गया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से मात दी। ऋषभ पंत ने मैच में 43 गेंदों में नाबाद 88 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मैच के बाद का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पंत और डीसी के हेड कोच रिकी पोंटिंग एकसाथ नजर आए। पंत ने अपने अंदाज में कैमरामैन से माफी मांगी और उनके जल्दी ठीक होने की कामना की। पंत ने वीडियो में कहा, सॉरी देबाशीष भाई। आपको चोट पहुंचाने का इरादा नहीं था। मगर मेरे ख्याल से आप जल्दी ठीक हो जाएंगे और गुड लक। बता दें कि आईपीएल में ऋषभ पंत का वीडियो शेयर करने के साथ कैप्शन लिखा, डीसी बनाम जीटी मैच के दौरान हमारे बीसीसीआई प्रोडक्शन क्रू के कैमरामैन में से एक घायल हो गए। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कैमरापर्सन के लिए एक विशेष संदेश दिया है।

## शेयर बाजार में आयी तेजी

नई दिल्ली। दोपहर बाद बाजार में लौटी खरीदारी के चलते भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है. सेंसेक्स 74,000 अंकों के पार जा पहुंचा है जो निफ्टी 22,500 के ऊपर चला गया. बैंकिंग फार्मा आईटी समेत ज्यादातर सेक्टर्स के स्टॉक में जोरदार तेजी देखने को मिली है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 487 अंकों के उछाल के साथ 74,339 अंकों पर बंद हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 156 अंकों के उछाल के साथ 22,558 अंकों पर क्लोज हुआ है. शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी के चलते भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप अपने ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 404.09 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 401.47 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि आज के कारोबार में निवेशकों की संपत्ति में 2.62 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

## अमेरिका में फैल रहा जॉम्बी डियर डिजीज का संक्रमण

वॉशिंगटन । कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मामलों के बीच अमेरिका में जॉम्बी डियर डिजीज का केस सामने आया है। पश्चिमी वर्जीनिया के हार्पर्स फेरी नेशनल हिस्टोरिकल पार्क के अंदर दो सफेद पूंछ वाले हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि जिन दो हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है, उनकी मौत हो चुकी है। बता दें कि इस बीमारी को क्रॉनिक वेस्टिंग डिजीज (सीडब्ल्यूडी) के नाम से भी जाना जाता है। बताया जा रहा है कि एंटिएटम और मोनोकेसी बैटलफील्ड पार्क में रहने वाले हिरणों को सीडब्ल्यूडी से संक्रमित पाया गया है। हार्पर्स फेरी और आसपास के नेशनल पार्क में देशी पौधों और ऐतिहासिक परिदृश्यों को संरक्षित रखने के लिए हिरणों की जनसंख्या को कम किया जा रहा है। पार्क सेवाएं हिरणों की आबादी नियंत्रित करने के लिए समय समय पर कुछ पार्कों में शिकार आयोजित करती है।

# आरसीबी की 35 रनों से जीत, फ्लॉप रहा सनराइजर्स का बल्लेबाजी क्रम, गेंदबाजों का बरसा कहर



हैदराबाद । विराट कोहली (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुये। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाये। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई।

आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्?टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट और रजत पाटीदार ने तीसरे विकेट लिये बड़ी साझेदारी करने का प्रयास किया। इसी दौरान 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुये। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37रन बनाये। बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाये।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट ने तीन विकेट लिये। थंगारसु नटराजन को दो विकेट मिले। पैट कमिंस और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# एशियाई अंडर-22 और युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुवाई करेंगी।

# भारत के सामने घुटने टेकने को तैयार पाक!

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में व्यापारी वर्ग के लोगों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ वार्ता शुरू करने का आग्रह किया है। शरीफ के साथ एक संवाद सत्र में उन्होंने यह आग्रह किया। व्यापारियों ने कहा कि व्यापार शुरू होने के बाद नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। सिंध सीएम हाउस में बुधवार को एक घंटे की बैठक के दौरान कई बड़े भी सवाल उठे। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्हें अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।



समाचार पत्र च्डॉनज् की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के तरीके तलाशने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक की। हालांकि, उनके संकल्प को उद्योग जगत के लोगों की आशंकाओं का सामना करना पड़ा। उद्योग जगत के लोगों ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खासकर बढ़ी हुई ऊर्जा लागत और असंगत सरकारी नीतियां के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है। पीएम शहबाज शरीफ से वार्ता के दौरान व्यापार जगत के लोगों ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और अधिक कदम उठाने की मांग भी की। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, च्च् कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है।ज्ज् खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा, च्च् मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल के निवासी (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

# होटल में भीषण आग, 6 लोग जिंदा जल

नई दिल्ली। बिहार के पटना जिले में आज भीषण अग्निकांड में 6 लोग जिंदा जलकर मर गए। 20 लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। 45 लोग सुरक्षित रेस्क्यू किए गए। आग पटना जंक्शन के पास पाल होटल में लगी। हालांकि आग बुझ गई है, लेकिन सुबह भड़की आग ने पाल होटल के आस-पास के होटलों को भी चपेट में ले लिया था।



आग में झुलसने से 3 महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं मृतकों में 3 पुरुष भी शामिल हैं, लेकिन अभी तक किसी की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आग में झुलसने से घायल लोगों को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 2 घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। करोड़ों का नुकसान भी हुआ है। सिटी स्क्क सेंट्रल सत्य प्रकाश ने अग्निकांड की पुष्टि की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पटना रेलवे स्टेशन से 50 मीटर दूर होटल में भड़की आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड की करीब 51 गाड़ियों को करीब 2 घंटे लगे। दमकल कर्मियों ने आग की लपटों के बीच से ही लोगों को रेस्क्यू किया। जैसे ही आग बुझी, रेस्क्यू टीम के सदस्य अंदर गए तो 6 लोगों की लाशें बुरी हालत में मिलीं।

वहीं अग्निकांड के चलते पुलिस ने आस-पास के इलाके और सड़क को सील कर दिया था। बताया जा रहा है कि जिस होटल में आग लगी, वह 4 मंजिला था और चारों फ्लोर आग की चपेट में आ गए थे। लोगों को होटल से निकालने के लिए हाइड्रा का इस्तेमाल भी करना पड़ा।

बताया जा रहा है कि आग होटल के किचन में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट होने से लगी और देखते ही देखते आग ने पूरी इमारत को चपेट में ले लिया।

# जिंबाब्वे के पूर्व क्रिकेटर गाय विटल पर तेंदुए ने किया जानलेवा हमला

नई दिल्ली। जिंबाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर गाय विटल पर हुमानी क्षेत्र में हाल ही में तेंदुए ने जानलेवा हमला किया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक गाय विटल हुमानी क्षेत्र में ट्रैकिंग के लिए गए थे, जहां उन पर तेंदुए ने जानलेवा हमला किया। पूर्व ऑलराउंडर इस समय ठीक होने में जुटे हुए हैं।



गाय विटल के पालतू कुत्ते चिकारा ने तेंदुए से लड़ाई की और 51 साल के क्रिकेटर की जान बचाई। हालांकि, चिकारा को तेंदुए ने काट लिया और उसका भी उपचार किया जा रहा है। गाय विटल की पत्नी हनाह ने इस खबर की पुष्टि की और अपने पति की पट्टियों से ढके शरीर की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है।

पूर्व ऑलराउंडर को एयरलिफ्ट के जरिये हरारे भेजा गया, जहां उनका घाव भरने के लिए सर्जिकल उपचार किया जाएगा। हनाह के हवाले से डेली मेल ने कहा, गाय विटल वाकई भाग्यशाली हैं। पहले मगरमच्छ और अब तेंदुआ, वो वाकई 9 जिंदगी वाली बिल्ली हैं। गाय विटल भाग्यशाली थे कि चकिारा वहां उनकी मदद करने को था, जिसने तेंदुए को दूर भगा दिया। वरना कौन जानता है कि इसका अंत कैसे होता।

# दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज को रेफरी ने लगाई फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम को आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाकर मैच रेफरी ने फटकार लगाई है। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से मात देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।



रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 के अंतर्गल लेवल 1 अपराध किया। इसमें शामिल है, ऐसी भाषा, एक्शन या संकेत देना, जो अन्य खिलाड़ी का आक्रामक रिएक्शन निकालने को प्रोत्साहित करे। आईपीएल ने गुरुवार को अपने बयान में कहा, सलाम ने आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 के अंतर्गत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी द्वारा लगाए जुर्माने को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन पर मैच रेफरी का निर्णय सर्वमान्य होता है।

रसिख सलाम ने अरुण जेटली स्टेडियम पर खेले गए हाई स्कोरिंग मुकाबले में गेंद से बेहतर प्रदर्शन किया और दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 ओवर के अपने स्पेल में 44 रन देकर तीन विकेट झटके। सलाम ने साई सुदर्शन, शाह रुख खान और साई किशोर को अपना शिकार बनाया।

# पाकिस्तान की पूर्व कप्तान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया. उन्होंने अचानक से संन्यास का एलान किया, जिससे कुछ लोग हैरान भी रह गए. वह पाकिस्तान के लिए वनडे और टी20 क्रिकेट खेला करती थीं. कुछ वक्त पहले ही बिस्माह ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था और अब उन्होंने संन्यास का फैसला सुना दिया.



पूर्व पाक कप्तान ने संन्यास को लेकर सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट करते हुए लिखा, ÷ 17 सालों से क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि जुनून रहा, एक सपना पूरा हुआ और असीमित विकास का एक सफर रहा. भावनाओं के साथ, मैं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले बहतरीन सफर को अलविदा कहती हूं. बता दें कि बिस्माह मारूफ ने पाकिस्तान के लिए वनडे और टी20 इंटरनेशनल में कप्तानी की. उन्होंने पाकिस्तान की महिला टीम की 34 वनडे मैचों में कमान संभाली. इसके अलावा उन्होंने 62 टी20 इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी की. कप्तानी के दौरान वनडे में बल्लेबाज़ी करते हुए उन्होंने 32 पारियों में 44.32 की औसत से 1108 रन बनाए और टी20 इंटरनेशनल की 60 पारियों में बैटिंग करते हुए 27.29 की औसत और 98.12 के स्ट्राइक रेट से 1310 रन बनाए.

# प्रथम पेज का शेष

***लोस चुनाव के आज दूसरे ....***

पहली बार मतदान करने वाले 34.80 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिये पंजीकृत किया है। इसके अतिरिक्त 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। इस चरण में भाग्य अजमाने के लिए 1202 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं, जिनमें से 1098 पुरुष और 102 महिला तथा दो उभयलिंगी उम्मीदवार हैं। दूसरे चरण के 88 सीटों में होने वाले मतदान के लिये 85 वर्ष अधिक के 14.78 लाख से ज्यादा मतदाता पंजीकृत और 14.70 लाख दिव्यांग और 100 साल से ऊपर के 42,226 मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। आयोग की इस वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही जबरदस्त सराहना और प्रतिक्रिया मिल रही है।

दूसरे चरण की चर्चित सीटों में केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है, जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। भाजपा के युवा सांसद तेजस्वी सूर्या की साख बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर दांव पर लगी है। तेजस्वी ने पिछला चुनाव इसी सीट से जीता था। कांग्रेस ने यहां सौम्या रेड्डी को टिकट दिया है। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट शुरुआत से ही चर्चा में रही है।

***विरासत टैक्स मामले में कांग्रेस पर..***

श्री साय ने कहा है कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण मे इतनी अंधी हो गई है की वो देश के सनातन परंपरा और परिवार परंपरा पर सीधा चोट कर रही है। उनकी मंशा है की देश के लोगों की जायदाद राजसात कर उसे उनके बीच बाँट दे जिनके ज्यादा बच्चे हैं या घुसपैठिए हैं। इस देश और छत्तीसगढ़ की जनता को यह कतई स्वीकार नहीं है। श्री साय ने कड़ी शब्दों में कहा है कि देश के लोगों की संपत्ति विदेशी घुसपैठियों के लिए नहीं है, यहाँ के संसाधन भी रोहिंग्याओं के लिए नहीं है। यह संपत्ति-संसाधन हमारे आदिवासी, दलित, पिछड़ों, और गरीबों का है। इस पर कांग्रेस की बुरी नीयत को हम सहन नहीं करेंगे।

***हार के भय से भ्रमित कर ...***

और समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा, अपनी 'पांच न्याय 25 गारंटी÷ के साथ, हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चार जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी के लिए न्याय , आर्थिक और सामाजिक समानता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी।

***नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ मिशन.....***

कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग और रायपुर के लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए वोट मांगकर मतदाताओं को साधा था। 24 अप्रैल को पीएम मोदी ने अंबिकापुर में सभा कर सरगुजा के भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महराज को जिताने की अपील की। पहले चरण के मतदान के लिए प्रधानमंत्री ने बस्तर के जिला मुख्यालय जगदलपुर से 40 किलोमीटर दूर गांव छोटे आमाबाल में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित किया था। यहां बस्तर के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप और कांकेर के प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए मतदाताओं से वोट मांगे थे।

नड्डा-शाह, राजनाथ और योगी ने भी झोंकी ताकत

14 अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राज्य के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिले में सभा की है। शाह 21 अप्रैल को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक ली थी। 22 अप्रैल को कांकेर में चुनावी सभा की थी। शाह तीसरी बार बेमेतरा में 26 अप्रैल को होने जा रही सभा को भी संबोधित करेंगे। 22 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के लोरमी, दुर्ग के भिलाई और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चंद्रखुरी में सभा की थी। कांग्रेस से अब तक आए केवल राहुल और प्रियंका- कांग्रेस की ओर से बड़े स्टार प्रचारकों में बस्तर लोकसभा सीट के लिए 13 अप्रैल को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सभा की थी। इसके बाद 21 अप्रैल को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजनांदगांव और कांकेर लोकसभा सीट के लिए मतदाताओं को साधने की कोशिश की थी। अभी तक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश नहीं पहुंचे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि राहुल-प्रियंका और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सभाएं कर रहे हैं।

पहली बार 30 अप्रैल को आएंगे खरगे- 30 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सक्ती में जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट के लिए चुनावी प्रचार करने आएंगे। यह उनका इस चुनाव का पहला दौरा है। इसके अलावा 27 अप्रैल को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और 29 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिलासपुर में सभा करेंगे।

***उप मुख्यमंत्री शर्मा ने भगवा ध्वज ....***

संरक्षण होने की वजह से उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इसी प्रकार भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया का भी नाम भ्रष्ट कारनामों के चलते चर्चा में है। 16 महीने से जेल में बंद सौम्या चौरसिया की भूपेश बघेल वकालत करते रहे हैं जिस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। श्री वर्मा ने सवाल किया कि प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को लूटने वाला एक तरफ नवाज खान है और दूसरी तरफ सौम्या चौरसिया है, दोनो ही भूपेश बघेल के करीबी है तो क्या ऐसे में भूपेश बघेल को वोट देना मतलब ऐसे लोगों को वोट देना है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटा है।

# हो गई भविष्यवाणी, ये 4 टीमें पहुंच रही हैं IPL के प्लेऑफ में

दिल्ली। आईपीएल 2024 का रोमांच अपने चरम पर है. टूर्नामेंट के 40 मुकाबले बीत जाने के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की जंग काफी तेज हो गई है. सभी टीमें एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं. इस बीच यह कह पाना कि यह टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है बेहद मुश्किल काम है. इसके बावजूद भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपना विचार साझा किया है. उनका मानना है कि राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ का टिकट कटा सकती है. इसके अलावा उन्होंने चौथी टीम के रूप में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस का चुनाव किया है. उनका मानना है कि इनमे से कोई एक टीम प्लेऑफ में पहुंच सकती है.

स्टार स्पोर्ट्स के साथ हुई बातचीत के दौरान 60 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 3 टीमें अपने आप को सेलेक्ट कर रही हैं. चेन्नई सुपर किंग्स हो गया. केकेआर हो गई और राजस्थान रॉयल्स हो गया. 2 टीमें ऐसी हैं जो मुझे लगता है... एक तो सनराइजर्स हैदराबाद और एक पता नहीं क्यों ऐसा दाव खेलने को दिल करता है. चाहे कुछ भी हो मुंबई (मुंबई इंडियंस). सिद्धू का मानना है कि मुझे हमेशा ऐसा लगता है मुंबई इंडियंस की टीम के पास कठिन परिस्थितियों से निपटने की भरपूर क्षमता है. यदि वह अपनी गेंदबाजी में थोड़ा सुधार करते हुए व्यवस्थित कर लेते हैं और हार्दिक लय में आ जाते हैं तो मुंबई बेहद घातक टीम है. बता दें आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अबतक कुछ खास नहीं रहा है. टीम अपने शुरुआती मुकाबलों से ही संघर्ष करती हुई नजर आ रही है. पंड्या की अगुवाई में मुंबई ने अबतक कुल 8 मुकाबले खेले हैं. इस बीच उसे 3 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि 5 मुकाबलों में शिकस्त का सामना करना प?ा है. एमआई की टीम मौजूदा समय में 6 (-0.227) अंकों के साथ अंकतालिका में 8वें स्थान पर काबिज है. वहीं टॉप 4 में फिलहाल राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम काबिज है.

# आज 15 प्रत्याशियों के भाग्य ईव्हीएम में होंगे कैद

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए चाक चौबंद व्यवस्था, कलेक्टर ने सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में ड्यूटी के लिए रवाना हुए। जिले में मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने मतदान दलों को सामग्री वितरण के दौरान कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों को मतदान के सुचारू संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और मतदान सामग्री लेकर मतदान के लिए रवाना हो रहे हैं।

कलेक्टर कहा कि लोकसभा निर्वाचन के संसदीय क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले के सभी मतदान दल रवाना हो रहे हैं। मतदान दलों को मतदान सामग्री दे दी गई है। मतदान सामग्री मिलान करने के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र के लिए रवाना हो जाएंगे। मतदान अधिकारियों को मतदान केन्द्र में मतदान के लिए प्रतीक चिन्ह के साथ अन्य सारी व्यवस्थाएं करनी होती है। इसके बाद कल 26 अप्रैल को मतदान कराने की पूरी तैयार रहेगी। जिले में 840 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ में 4 कर्मचारियों का दल होता है। इसके अलावा रिजर्व में भी मतदान दल हैं। जरूरत पडने पर उनका उपयोग किया जाएगा। सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की गई हैं। पेट्रोलिंग की टीम रहेगी। थाने की टीम अलग रहेगी।



### जिले में 316 क्रिटिकल मतदान केन्द्र एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 116 मतदान केन्द्र

सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान कर्मियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए अधिकांश जगहों पर पत्तों का मंच बनाया जाएगा। इकोफ्रेंडली पंडाल रहेगा। मतदाताओं के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध रहेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य संपन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी। कलेक्टर की उपस्थिति में दिव्यांग रथ को मतदान के लिए रवाना किया गया। राजनांदगांव जिला अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 840 है। प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए 840 पीठासीन अधिकारी, 840 मतदान अधिकारी-1, 840 मतदान अधिकारी-2 एवं 840 मतदान अधिकारी-3 के रूप में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही मतदान कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। इस तरह मतदान कार्य के संपादन के लिए लगभग 4 हजार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि चारों विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है, जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 270 है। जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 173 मतदान केन्द्रों एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 252 है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 261 है। जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 192 मतदान केन्द्र एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते है। जिले में 40 संगवारी मतदान केन्द्र, 4 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 20 आदर्श मतदान केन्द्र एवं 20 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र एवं 5-5 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिला अंतर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या 316, नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों की संख्या 116 एवं 430 मतदान केन्द्रों में वेब-कास्टिंग की योजना बनाई गई है।

# चुनाव को प्रभावित करने लाई गई रकम जप्त

**○ एफएसटी एवं डोंगरगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही**
**○ आरोपी ने कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को बांटने लाई गई थी रकम**

डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा निर्वाचन के दौरान चुनाव को प्रभावित करने लाई गई रकम एफएसटी एवं डोंगरगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से जप्त की गई। दो प्रकरण में कुल- 173287 रू. जप्त किए गए। बताया गया कि कांग्रेस पार्टी ने नव कार्यकर्ताओं को बांटने रकम लाई गई थी। शांति भंग एवं संज्ञेय अपराध घटना घटित होने की अंदेशा पर 1 आरोपी के निरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि, आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 में नांग्रेस पक्ष में नोट डलवाने हेतु वाहन में पैसा परिवहन होने की सूचना पर एफएसटी बन क्रमांक-04 विधानसभा क्षेत्र क्र.-74 डोंगरगढ़ के बल प्रभारी संजय मोनने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कार्यपालिक मजिस्टेट) अपने टीम के साथ एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा, उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी द्वारा मौके पर शिनाजी होटल के पास पहुंचकर वाहन क्रमांक सीजी 08/5712 को रोककर चेक करने पर वाहन में कुल 06 नग लिफाफा पाया गया। उक्त लिफाफा में प्रत्येक में 10000-10000 रूपये भरा हुआ कुल रकम 60000 रूपये मिला।



### कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ताओं को बांटने लाई गई थी रकम

चालक सोनुराम साहू ग्राम ढाबा पोस्ट टप्पा तहसील डोंगरगांव एवं उसके साथ बैठे बिसम्बर ग्राम तिलईरवार तहसील डोंगरगांव द्वारा उक्त रकम की राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बुथ कार्यकर्ताओं को बांटने आना बताने पर उक्त रकम को विधिवत बरामद किया गया है।

इसी प्रकार सफारी वाहन क्रमांक सीजी -04/एचसी 8469 को चेक करने पर वाहन में कुल- 113287 रू. गिनने पर लोकेन्द्र सिंग पिता स्व. आर.एस. सिंग उम्र 52 साल, निवासी नेहरू नगर, थाना सुपेला जिला दुर्ग से पुछताछ करने पर उक्त रकम को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बुथ कार्यकर्ताओं को बांटने आना बताने पर उक्त रकम को विधिवत बरामद किया गया है।

### विवाद करने पर आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी लोकेन्द्र सिंग ने पैसा वापस करने की धमकी देकर वाद-विवाद करने पर शांति भंग होने व संज्ञेय अपराध की घटित होने की अंदेशे पर अनावेदक के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। जांच दल द्वारा कहा गया है कि, यदि एफएसटी एवं डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा समय पर चेककर उक्त रकम की जप्ती कार्यवाही नहीं की जाती तो अवश्य ही चुनाव को प्रभावित कर सकते थे।

# महंगाई से त्रस्त महिलायें देश में कांग्रेस की सरकार बनाने संकल्पित - भूपेश बघेल

## भूपेश बघेल ने 421 गांव मे तूफानी जनसंपर्क के बाद शहर में भी धूम

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के 5 न्याय 25 गारंटी की शहर एवं गांव में धूम मची है। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने संसदीय क्षेत्र के 421 ग्रामों के तूफानी जनसंपर्क के बाद शहर मे जीवंत संपर्क के दौरान कहा कि आज सर्वहारा वर्ग महंगाई से त्रस्त है विशेषकर महिलायें देश में कांग्रेस की सरकार बनाने संकल्पित है। किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गये है। जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र में विकास दिशा नजर आ रही है।

कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं के कांग्रेस नीतियों को सराहा है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है। वर्तमान सांसद ने पूरे अपने 5 साल के कार्यकाल में इतने गांव का दौरा भी नहीं कर सके ना जनता की सुध ली। भूपेश बघेल ने कहा कि



कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल 1 लाख और महीने में 8333 रू. देने का वादा किया है। इसके साथ ही केंद्रीय भर्तियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस की इस घोषणा के बाद महिला मतदाताओं का ध्रुवीकरण कांग्रेस की ओर हुआ है। महिलायें देश में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए पहले चरण में मतदान किया है। शेष चरणों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान का दृढ निश्चय किया है इसी प्रकार मजदूरों को लगता है कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने की बात की है इससे देश के मजदूरों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने मनरेगा के तहत रोजगार को कानूनी प्रावधान बनाया अब कांग्रेस मजदूरों के मजदूरी बढ़ाने की गारंटी दे रही है देश के अन्नदाता किसान भी मोदी सरकार के खिलाफ मतदान करने को एकजुट है 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने की बात जुमला बन गया है मोदी सरकार ने तीन काले कानून भी थोपने का काम किया था विरोध के बाद मजबूरन काले कानून वापस लेना पड़ा। कांग्रेस किसानों को उनकी श्रम व उपज की पूरी कीमत देने को भी प्रतिबद्ध है। इसीलिये कांग्रेस ने किसानों को कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देते हुए कर्ज आयोग की बात के साथ ही साथ स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार समर्थन मूल्य निर्धारण करेगी। इसके साथ ही कांग्रेस ने कृषि उत्पादों को, कृषि उपकरणों को जीएसटी के दायरे से बाहर लाने का वादा किया है। शहर भ्रमण के दौरान शाहिद भाई, शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, जितेन्द्र मुदलियार, रूपेश दुबे, श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, हफीज खान, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

**सभी मतदाता वोट अवश्य करें**


राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारे उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240


# कलेक्टर ह छत्तीसगढ़ी भाखा म करिस मतदान बर अपील



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ह छत्तीसगढ़ी भाखा म जिला के जम्मो मतदाता मन ला मतदान करे बर अपील करे हे। कलेक्टर संजय अग्रवाल हा अपन संदेश म कहिस जय जोहार... सब्बो मतदाता भाई-बहिनी मन ला सुरता देवात हो आज शुक्रवार 26 अप्रैल के हमर चुनई तिहार के दिन हवे। आप सब्बो मन ला अनुरोध हे आप मन मतदान केन्द्र म जा के मतदान जरूर करहू अउ अपन देश के लोकतंत्र ला मजबूत बनाए रखे बर अपन योगदान दे हू। मतदान हमर अधिकार बस नही हे हमर जिम्मेदारी घलो हवे, त आप मन अपन अउ परिवार के अउ तिर के रहवईया संगवारी मन जे ह 18 बरस के उपर के मतदाता हवे वो सब्बो मन ला मतदान बर भेज के अपन जिम्मेदारी ल जरूर निभाहू।

# संतोष पांडे को दिया गया प्रत्येक वोट मोदी को प्राप्त होगा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, रमेश पटेल, संजय लोहिया ने एक संयुक्त बयान में क्षेत्र की जनता से संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुये कहा कि संतोष पांडे को दिया गया एक-एक वोट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त होगा, जिससे देश के नवनिर्माण के स्वप्न को साकार किया जा सकेंगा।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी जी के दस वर्षो के कार्यकाल में हुये कार्यो को याद दिलाते हुये भाजपा नेताओं ने कहा कि कोरोना काल से 80 लाख परिवारों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है, दस करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया, 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया, दस करोड़ माता-बहनों को उज्जवला गैस कनेक्शन दिये गये, चार करोड़ पक्के मकान बनाये गये। आयुष्मान योजना का लाभ 50 करोड़ लोगों को प्रदान किया गया। देश को पॉचवी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाया गया, देश के जड़ में नस्तर लगा रही धारा 370 को हटाया गया, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, तीन तलाक की कुप्रथा हटाई गई, सीएए लागू किया गया। इतना सब होने के बाद भी अभी देश को परम वैभव के शिखर पर ले जाने की कामना अधूरी है।

भाजपा नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में आगे कहा कि आने वाले पॉच वर्षो में मोदी जी ने देश को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने की गारंटी दी है, इसी प्रकार प्रत्येक घर में पाईप लाईन के जरिये रसोई गैस की आपूर्ति करने की योजना है, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, तीन करोड़ लोगों को पक्के मकान देने की मोदी गारंटी है, सूर्य योजना के तहत घरो के बिजली बिल को जीरो करने की महत्वकांक्षी योजना है। सभी वर्गो के 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क ईलाज करने की बात है, युवाओं को मुद्रा लोन के तहत दी जा रही राशि बढ़ाकर 20 लाख रूपये देने की गारंटी है।

ऐसे तमाम विषय है जिससे देश का आर्थिक विकास तो होगा ही, भारत समृद्ध व मजबूत तो बनेगा ही, साथ ही गरीब, युवा, महिला व किसान के जीवन में भी बदलाव आयेगा। संतोष पांडे को दिया गया आपका वोट सीधे मोदी जी को मिलने वाला है, अतः सब मिलकर कमल फूल छाप का बटन दबायें।

# नवाज के करीबी युकां जिलाध्यक्ष से पूछताछ

**मामला - छिपा समिति के सहायक प्रबंधक की आत्महत्या व समिति में की गई अनियमितता का**

**○ कांग्रेस प्रत्याशी बघेल के सलाहकार वर्मा ने की आपत्ति**
**○ बोले चुनाव प्रभावित करने की हो रही कोशिश**



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम छिपा स्थित सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक द्वारा की गई आत्महत्या व समिति में की गई लाखों रुपए की अनियमितता को लेकर पुलिस द्वारा संदेहियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रशासक नवाज खान के करीबी जिला युवा कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष संदीप गहरवार से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। इसी मामले में पूछताछ के लिए नवाज खान को बीते दिनों पुलिस थाना डोंगरगढ़ ने नोटिस जारी किया था।

पुलिस ने बताया की नवाज द्वारा पूछताछ में सहयोग नहीं किए जाने पर उनके करीबियों से भी नवाज के संबंध में पूछताछ की जा रही है। लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी नवाज खान ने मोबाइल भी बंद कर दिया है। जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम नवाज खान के घर, फार्म हाउस, राइस मिल सहित परिजनों के घर जाकर पूछताछ जारी रखा। इसी क्रम में आज युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार को पूछताछ करने थाने में बुलाया गया और काफ़ी देर थाने में बिठाए रखा गया।

### कांग्रेसी पहुंचे थाना किया विरोध

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, अध्यक्ष विजय सिंह सहित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता डोंगरगढ़ थाने पहुंचे पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध किया। जिला युवा कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष संदीप गहरवार को थाने में बठाए जाने की सूचना पर पूर्व मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार विनोद वर्मा, कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह सहित सभी कार्यकर्ता डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर थाना प्रभारी से विनोद वर्मा ने पूछा की नवाज़ खान के ऊपर कोई अपराध कायम हुआ है।

अगर नहीं हुआ है, तो सिर्फ पूछताछ के नाम पर ऐसे आप घंटों तक हमारे कार्यकर्ताओं को थाने में बिठाना सही है। हमारे कार्यकर्ताओं को घंटों थाने में पूछताछ के नाम पर बिठाकर रखना हमारे चुनाव को प्रभावित करने का काम हैं। आप इसका जवाब दीजिए।

### धारा 160 के तहत करवाई की जा रही है - थाना प्रभारी

थाना प्रभारी सी.आर. चंद्रा ने कहा कि अपराध तो कायम नहीं हुआ है, फिर भी धारा 160 के तहत मामलों में संबंधित व्यक्तियों को थाने बुलाकर पुलिस पूछताछ कर सकती है। प्रक्रिया पूर्ण होने पर हम उनको घर भेज देंगे।

0 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर रही पुलिस - वर्मा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रमुख राजनीतिक सलाहकार

### चुनाव प्रभावित करने की कोशिश - वर्मा

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने कहा कि, प्रशासनिक तंत्र के साथ मिलकर भाजपा के लोग षड़यंत्र कर रहे हैं। साम, दाम, दण्ड, भेद सब अपनाकर ये सीट जितना चाहते हैं। हम चुनाव आयोग राजनांदगांव एवं प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में ये बात ला रहे हैं कि, ऐसा काम ना हो। नवाज खान मामले में कहा कि, ये मामला कब का है, कब से जॉच चल रही है। लेकिन पूछताछ के लिए जारी नोटिस का समय गलत है। ये डिजाइन ही गलत है, आप सीधा चुनाव को प्रभावित करने का कार्य कर रहे हैं।

विनोद वर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, विधि विपरीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा परेशान किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार को पूछताछ के नाम पर 2 घंटे से बिठाया गया है। जिसका कोई अपराधिक मामला दर्ज भी नहीं हुआ है। वारंट भी जारी नहीं हुआ है। ऐसे मामले में कार्यकर्ताओं को थाने में बिठाना भाजपा की आदत बन गई है। ऊपर से आदेश है ये माहौल ही ऐसा बनाते हैं। राज्य में कल राजनांदगांव लोकसभा में मतदान होना है और कार्यकर्ताओं को कभी डोंगरगढ़ थाना में चिचोला थाना अलग-अलग जगहों के थानों में बिठाना पूछताछ के नाम पर डरा रहे, ये चुनाव का काम ना कर सके सिर्फ चुनाव को प्रभावित करना है।


वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्प्रेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के सामने राज.



आवश्यकता है
दैनिक अखबार हेतु विज्ञापन मार्केटिंग कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की
संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com